चैत्र कृष्ण - 11 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 237 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | बेंगलूरु » मंगलवार » 25-03-2025 | ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





4 सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे

6 नागपुर हिंसा के पीछे की सोच को समझना होगा

7 'दोनाली' से पारुल गुलाटी का डकैत लुक रिलीज

## फर्स्ट टेक

### टेक उद्यमी ने पत्नी और पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, जांच के आदेश

**चेन्नई/भाषा।** चेन्नई मूल के एक टेक उद्यमी और अरबों डॉलर की कंपनी के सह-संस्थापक प्रसन्ना शंकर ने चेन्नई पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है और कहा कि उनकी पत्नी ने उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करवाई है। टेक उद्यमी की पत्नी दिव्या ने इस आरोप को खारिज कर दिया। प्रसन्ना शंकर की पत्नी अलग रहती है। पुलिस ने सोमवार को उनके बेटे की कस्टडी की मांग वाले मामले को जांच के लिए सीएडब्ल्यूसी के उप पुलिस आयुक्त के पास स्थानांतरित कर दिया है। सोमवार को एक बयान में पुलिस ने कहा कि अन्ना नगर के पुलिस उपायुक्त प्रसन्ना शंकर द्वारा सहायक आयुक्त और एक उप निरीक्षक के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेंगे।

### भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर 'फोन टैपिंग' का आरोप लगाया

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक में मोहपाश (हनी ट्रैप) विवाद के बीच विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने सोमवार को कांग्रेस सरकार पर मंत्रियों और सत्तारूढ़ दल के विधायकों समेत राज्य के प्रमुख नेताओं के 'फोन टैप' करने का आरोप लगाया। अशोक ने कहा कि सत्तारूढ़ दल के कई विधायकों ने भी इस बात को स्वीकार किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अशोक ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार अपने आंतरिक विरोधियों और विपक्षी दलों दोनों को नियंत्रित करने के लिए 'फोन टैपिंग' का सहारा ले रही है। अशोक ने संवाददाताओं से कहा, यह 100 प्रतिशत हो रहा है। इसपर संदेह मत कीजिए। यह सरकार पूरी तरह से 'फोन टैपिंग' में लगी हुई है। उन्होंने मंत्रियों और विधायकों के दावों को दोहराते हुए मोहपाश के प्रयासों का हवाला दिया।

### रुपया 37 पैसे के उछाल के साथ 85.61 प्रति डॉलर पर

**मुंबई/भाषा।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के रुख और विदेशी कोषों के ताजा निवेश के समर्थन से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपए में लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 37 पैसे चढ़कर 85.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस तेजी की वजह से वर्ष 2025 में रुपए का नुकसान समाप्त हो गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.93 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.49 प्रति डॉलर के उच्चस्तर और 86.01 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 85.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 37 पैसे की तेजी है।

| सूर्यास्त | सूर्योदय |
|---|---|
| 25-03-2025 6:30 बजे | 26-03-2025 6:19 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 77,984.38 (+1,078.88) | 23,658.35 (+307.95) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 9,244 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 100,300 रु. प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### प्रतिपक्ष विरोध

बिन सोचे बिन समझे ही,
आता है उनको बहुत क्रोध।
कारण या फिर परिणामों पर,
वे हरगिज करते नहीं शोध।
शायद इसलिए सयाने कुछ,
उनको कह देते हैं अबोध।
प्रतिपक्षी का यह अर्थ नहीं,
जायज का भी हरदम विरोध।।

# 'धर्म आधारित आरक्षण के लिए संविधान में बदलाव बर्दाश्त नहीं'

▪ कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार द्वारा दिए गए बयान के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि आरक्षण आर्थिक और सामाजिक मानदंडों के आधार पर दिया जा सकता है, लेकिन धार्मिक पहचान और संबद्धता के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

रिजिजू की यह टिप्पणी कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार द्वारा रविवार को दिए गए उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस कर्नाटक में मुसलमानों और अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए 'संविधान में संशोधन' करेगी। रिजिजू ने कहा, इस मुद्दे को 1947 में स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया गया था, जब मुस्लिम लीग ने इस मामले को संविधान सभा में उठाया था। सरदार पटेल और उस समय के बाकी सदस्यों ने मुसलमानों को आरक्षण देने के इस सवाल को खारिज कर दिया था क्योंकि उनका मानना था कि भारत के संविधान के अनुसार धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए। इसलिए हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष है।

संसदीय कार्य मंत्री ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण दिए जाने के मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष को सदन में कांग्रेस की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि वे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को बर्खास्त करने जा रहे हैं या वे स्पष्ट रूप से यह कहने जा रहे हैं कि कांग्रेस भारत के संविधान को नष्ट कर देगी, वे दोनों तरफ पर नहीं जा सकते।

रिजिजू ने कहा, हम इस बयान को हल्के में नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि यह बयान किसी साधारण पार्टी नेता की ओर से नहीं बल्कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की ओर से आया है। उन्होंने इसे 'बेहद गंभीर' बताते हुए कहा कि धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए संविधान में बदलाव करना 'बर्दाश्त नहीं किया जा सकता'।

## तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया मेरा बयान, कानूनी रूप से लड़ूंगा : डीके शिवकुमार



**बेंगलूरु।** संविधान के संबंध में अपने बयान को 'तोड़-मरोड़ कर पेश करने' के लिए भाजपा पर हमला बोलते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि वे गलत सूचना अभियान चलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने 'सदाशिव नगर' निवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, 'मैंने कभी नहीं कहा कि हम संविधान को बदलेंगे। भाजपा दुष्प्रचार कर रही है। मैं इसे कानूनी रूप से लड़ूंगा।'

जब उनसे भाजपा द्वारा की गई आलोचना के बारे में पूछा गया कि एक निजी टीवी चैनल पर उनके बयान में संविधान को बदलकर मुसलमानों के लिए धर्म आधारित आरक्षण देने की बात कही गई थी, तो उन्होंने कहा, 'भाजपा मेरे बयान को तोड़-मरोड़ रही है। मैं 36 साल से सार्वजनिक जीवन में हूं। मेरे पास बुनियादी समझ है, लेकिन भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है। मेरा नाम भाजपा के गलत सूचना आधारित अभियान में घसीटा जा रहा है।'

## गलत सूचनाएं फैला रही भाजपा : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को आरक्षण देने के मुद्दे पर गलत सूचनाएं फैला रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह रेखांकित करने के लिए 30 साल का एक घटनाक्रम भी प्रस्तुत किया कि कर्नाटक में पिछड़े वर्गों का वर्गीकरण 1994 में किया गया था और यह आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं है।

भाजपा का आरोप है कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मुस्लिम आरक्षण को उचित ठहराने के साथ कहा है कि इसके लिए संविधान में बदलाव भी किया जा सकता है। हालांकि, शिवकुमार ने भाजपा के आरोपों को खारिज किया है।

## नड्डा और रीजीजू ने संसद में झूठ बोला, भाजपा करती है धर्म का इस्तेमाल : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के एक कथित बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा तथा किरेन रीजीजू ने इस मामले पर संसद में झूठा बोला और सिर्फ भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए यह सब किया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि भाजपा कानून बनाने के लिए धर्म का इस्तेमाल करती है, जबकि कांग्रेस की सरकारों में कभी भी धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं दिया गया।

खरगे ने संवाददाताओं से कहा, ''जेपी नड्डा जी और किरेन रिजीजू जी ने सदन में झूठ बोला, इसलिए हमारी पार्टी उनके ऊपर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण दे रही है, जो कि सरासर झूठ है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ऐसे मुद्दे उठाकर अपनी सरकार में जारी भ्रष्टाचार को छिपाना चाहती है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने का हवाला देते हुए कहा, ''हाल ही में न्यायपालिका से जुड़ा एक मामला सामने आया है और भाजपा नहीं चाहती कि विपक्ष इन मुद्दों पर बात करे।''

## 'डिजी यात्रा' सुविधा अब 24 हवाई अड्डों पर उपलब्ध

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सोमवार को बताया कि हवाई अड्डों पर यात्रियों को परेशानी रहित यात्रा के लिए एक दिसंबर 2022 को शुरू की गई 'डिजी यात्रा' सुविधा अब 24 हवाई अड्डों पर उपलब्ध है और इसे चरणबद्ध आधार पर देश भर के सभी हवाई अड्डों पर आरंभ किया जाएगा। राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने यह जानकारी दी कि 'डिजी यात्रा' शुरू होने के बाद से एक करोड़ से अधिक हवाई यात्रियों ने 'डिजी यात्रा एप्लीकेशन' डाउनलोड किया और डिजी यात्रा सक्षम हवाई अड्डों पर इसका उपयोग पांच करोड़ से अधिक बार किया गया है।

## आशुतोष का जलवा, एलएसजी पर दिल्ली कैपिटल्स ने दर्ज की एक विकेट की रोमांचक जीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

▪ इंडियन प्रीमियर लीग



**विशाखापत्तनम/भाषा।** दिल्ली कैपिटल्स ने 'इम्पैक्ट सब' आशुतोष शर्मा की सूझबझ से खेली गई 31 गेंद में नाबाद 66 रन की तूफानी पारी से सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को तीन गेंद रहते एक विकेट से हरा दिया।

आशुतोष ने शाहबाज अहमद की गेंद पर गगनदायी छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने अपनी पारी के दौरान पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े।

दिल्ली कैपिटल्स ने इससे पहले निकोलस पूरन (75 रन) और मिचेल मार्श (72 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों के बाद वापसी करते हुए एलएसजी को आठ विकेट पर 209 रन पर रोक दिया।

फिर उसने आशुतोष की धमाकेदार पारी 19.3 ओवर में नौ विकेट पर 211 रन बनाकर जीत दर्ज की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत काफी खराब रही जिसने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए थे और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर सात रन था। इससे ऐसा लग रहा था कि यह लक्ष्य उसके लिए बहुत बड़ा है लेकिन आशुतोष ने उसकी उम्मीदों को पंख लगाकर जीत दिलाई।

आशुतोष और विप्रज निगम (39 रन) ने तेजी से खेलते हुए सातवें विकेट के लिए 22 गेंद में 55 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया।

अंतिम चार ओवर में जीत के लिए 42 रन की जरूरत थी। पर 17वें ओवर की पहली गेंद पर राठी की कैरम बॉल लेग साइड पर फ्लिक करने के प्रयास में विप्रज कैच आउट हो गए। दूसरे छोर पर साथ नहीं मिलने के बावजूद आशुतोष अंत तक डटे रहे और अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया।

एलएसजी के लिए शार्दुल ठाकुर, मनिमरण सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई ने दो दो विकेट झटके। शार्दुल ने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर मैकगुर्क और अभिषेक पोरेल को अपना शिकार बनाया।

समीर रिज्वी (04) दूसरे ओवर में आउट हुए। कप्तान अक्षर पटेल ने तीन चौके और एक छक्के से 11 गेंद में 22 रन बनाये लेकिन दिग्वेश राठी ने उन्हें आउट कर आईपीएल में अपना पहला विकेट लिया।

# मुर्मू का आदिवासियों से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/एजेन्सी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को आदिवासियों से कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक होने और इन योजनाओं के जरिए प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

सुश्री मुर्मू ने ओडिशा में नयागढ़ जिले में स्थित कालियापल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कि सरकारी योजनाएं लोगों के सहयोग और भागीदारी से ही सफल हो सकती हैं।उन्होंने जोर दिया कि प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली भारतीय संस्कृति का एक मूलभूत पहलू है और आदिवासी जीवन का एक अभिन्न अंग है। आदिवासी समुदाय जंगलों, पेड़ों और प्रकृति के अन्य तत्वों को देवता के रूप में पूजते हैं। आदिवासी मान्यताओं के अनुसार, उनके पूर्वजों की आत्माएं जंगल में निवास करती हैं और यह मान्यता वन संरक्षण के लिए एक महान मंत्र के रूप में कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समुदायों की कला और संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने और बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र के शानदार परिदृश्यों में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बनने की क्षमता है। स्थानीय बुनियादी ढांचे के विकास में विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर सुविधाएं पर्यटकों और तीर्थयात्रियों दोनों को आकर्षित करेंगी, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सभी से क्षेत्र के विकास में योगदान देने, कृषि, हस्तशिल्प और पर्यटन में पहल को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

## डीटीसी 14,198.86 करोड़ के परिचालन घाटे में : कैग रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने सोमवार को विधान सभा में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के काम-काज पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की लम्बित रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें किराया तय करने की आजादी न होने, बसों के खराब रख रखाव और मार्गों के नियोजन में खामी के कारण हुए भारी नुकसान सहित परिचालन में 14,198.86 करोड़ रुपए का घाटा उजागर हुआ है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट सत्र के पहले दिन कैग की डीटीसी संबंधी 2015-16 से 2021-22 तक की अवधि से संबंधित रिपोर्ट को सदन पटल पर रखी। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान डीटीसी को बसों के बार-बार खराब होने और रूट प्लानिंग में खामियों के कारण 2015-22 के बीच 668.60 करोड़ रुपए के संभावित राजस्व नुकसान हुआ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि किराया निर्धारण की स्वतंत्रता न होने के कारण डीटीसी ने अपना परिचालन खर्च भी नहीं निकाल पा रहा है। दिल्ली सरकार ने 2009 के बाद से राजधानी में बस किराये में कोई वृद्धि नहीं कर सकी, जिससे निगम की आय प्रभावित हुई। इसके अलावा, विज्ञापन अनुबंधों में देरी और डिपो की खाली जमीन का व्यावसायिक इस्तेमाल न करने से भी निगम को संभावित राजस्व का नुकसान हुआ।

## नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी का मकान ढहाया गया

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में पिछले हफ्ते हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के दो मंजिला मकान को अनधिकृत निर्माण के कारण नगर निकाय के प्राधिकारियों ने भारी संख्या में पुलिस बलों की मौजूदगी में सोमवार सुबह ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकारियों ने एक अन्य आरोपी यूसुफ शेख के महल इलाके स्थित मकान के अवैध रूप से निर्मित हिस्से को भी ढहा दिया। नागपुर के महल इलाके में 17 मार्च को हिंसा हुई थी। हिंसा के सिलसिले में 'माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी' (एमडीपी) के नेता खान के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। वह 17 मार्च को महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 100 से अधिक लोगों में शामिल हैं।

## मुगल जिस देश से आए थे उनकी कब्र को वहीं पटक देना चाहिए : महामंडलेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**संभल (उप्र)/भाषा।** जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यतिंद्रानंद गिरि ने इस्लाम में मजार और कब्र बनाने का कोई प्रावधान नहीं होने का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि 'लुटेरे' मुगल जिस देश से आए थे, उनकी कब्र को वहीं 'पटक' देना चाहिए।

गिरि ने संभल के कोट पूर्वी मुहल्ले में स्थित भाजपा नेता कपिल सिंघल के आवास पर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, इस्लाम को थोड़ा-बहुत हमने भी पढ़ा और जाना है। इस्लाम में कोई भी मजार बनाने, कोई भी कब्र बनाने का प्रावधान ही नहीं है। पक्की मजार बनाना और उस पर छत डालने का भी कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा, इस्लाम कहता है कि दफन करने के बाद उस पर मिट्टी डालकर बात खत्म करनी चाहिए। स्थाई कब्र बनी रहे, ऐसा इस्लाम में नहीं है। इस्लाम को मानने वाले लोग अगर इस तरह का काम करते हैं तो वह कहीं ना कहीं इस्लाम का ही खंडन करते हैं।

गिरि ने मुगलों का जिक्र करते हुए कहा, मुगल मात्र लुटेरे थे। भारत को लूटने आए थे। ऐसे लुटेरों का गुणगान करना या उनकी कब्र या मजार बनाना क्या उचित है। जिस देश से वे आए थे उन देश में उनकी कब्रों को पटक देना चाहिए।

गिरि ने कहा, मुगल इस देश के नहीं थे। वे लुटेरे और भुक्कड़ थे। खाने को रोटी उनके पास नही थी। वह जिन देशों से आए अगर आज वे देश समृद्ध होते तो वहां की संस्कृति दिखाई देती। आज भी वहां कुछ नहीं दिखाई देता।

## देश की शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा है आरएसएस : राहुल



**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा हुआ है। उन्होंने यहां जंतर-मंतर पर 'इंडिया' गठबंधन के विभिन्न घटक दलों की छात्र इकाइयों के संयुक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी को मिलकर रोकना एवं पराजित करना है।

विपक्षी पार्टियों की छात्र इकाइयों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों और पेपर लीक के मुद्दों को लेकर 'संसद मार्च' का आह्वान किया था।

राहुल गांधी ने दावा किया, ''एक संगठन हिंदुस्तान का भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा है। उस संगठन का नाम आरएसएस है। यदि शिक्षा व्यवस्था उनके हाथ में चली जाएगी, जो धीरे धीरे जा रही है, तो देश बर्बाद हो जाएगा और इस देश में किसी को रोजगार नहीं मिलेगा।''

उनका कहना था, ''आज छात्रों को यह बताने की जरूरत है कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति आरएसएस द्वारा नामित हैं और आने वाले समय में राज्यों के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति भी आरएसएस द्वारा नामित होंगे। यह देश के लिए खतरनाक हैं। इसे हमें रोकना है।''




# कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का सातवां प्रान्तीय अधिवेशन सम्पन्न

## मोहित शर्मा बने नए प्रांतीय अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का सप्तम प्रान्तीय अधिवेशन युवा संगम 2025' का आयोजन मायुम बेंगलूरु, स्टार्स, सेन्ट्रल व जागृति शाखा के आतिथ्य में हरियाणा भवन में हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष नीतेश टिबड़ेवाल ने 13 सूत्री विषयों के बारे में जानकारी देते हुए वर्ष भर में हुए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रांतीय महामंत्री मोहित शर्मा ने सभी का स्वागत किया। दूसरे सत्र में अध्यक्षीय पुरस्कार कार्यक्रम एवं कविसम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कर्नाटक प्रान्त के सभी शाखा के अध्यक्षों ने अपनी अपनी शाखाओं की रिपोर्ट एवं कार्ययोजना प्रस्तुत की। प्रांतीय महामंत्री मोहित शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुरेंद्रलाल-सुशीला गोयल सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाखाओं द्वारा वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष नीतेश टिबड़ेवाल को प्रांतीय शिरोमणि



गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके बाद चुनाव अधिकारी सुशील कुमार बंसल ने सत्र 2025-27 के लिए चुनाव प्रक्रिया को पूरा करवाया। उन्होंने प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में मोहित शर्मा का नाम घोषित किया तो वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष मंडल (क) जयप्रकाश अग्रवाल, मंडल (ख) गोपाल उपाध्याय एवं मंडल(ग) के लिए मधुसूदन भट्टड़ के नाम की घोषणा की तथा शपथ दिलाई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सभी शाखाओं के उपस्थित सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर आगामी 5-6 अप्रैल को बेलगावी में होने वाली मारवाड़ी प्रीमियर लीग क्रिकेट के महाकुंभ' के लिए टीशर्ट का विमोचन भी किया गया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष मनीष गोल्यान ने बाहर गांव से आए मायुम के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष संजय जाजोदिया, प्रभात किशनपुरिया, बिमल सरावगी, बिपिन टिबड़ेवाल, रमाकांत सर्राफ, अजय हेडा, पंकज जालान, बृजेश अग्रवाल, रीना मित्तल, मनीष महनसरिया, मनोज पोद्दार, अंकित मोदी, रोहित केडिया आदि उपस्थित थे।



# नौ दिवसीय राम कथा के आयोजन की तैयारियों पर हुई चर्चा

## बैठक में विभिन्न समितियों के गठन का हुआ निर्णय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्री राम परिवार दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में बेंगलूरु में पहली बार पद्मविभूषण श्री तुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरु श्री रामभद्राचार्यजी महाराज के मुखारविंद से 9 जून से होने वाली श्री राम कथा आयोजन को लेकर रविवार को शांतिनगर स्थित लीलामाता मन्दिर भवन में बैठक का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रामकथा आयोजन तैयारियों पर चर्चा हुई तथा विभिन्न समितियों का गठन करने का निर्णय भी लिया गया। सचिव अजयप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि इस कथा के आयोजन से सनातन प्रेमियों में उत्साह की लहर है। इस कथा से शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं/संगठनों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।सहसचिव राजीव शुक्ला ने श्रीराम परिवार का परिचय दिया। इस मौके पर अनिल तिवारी, शैलेशकुमार मिश्रा, अंजू पाण्डेय, शारदा तलरेजा, संतोष सिंघल, रचना अग्रवाल, अंजू बजाज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जोगेन्द्र सिंह ने अपनी ओर से नौदिवसीय कथा के निमित्त जलसेवा एवं पुष्पसज्जा की सेवा प्रदान करने की घोषणा की। सुशीला मेघा ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस बैठक में श्री राम परिवार के कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, रोहित उपाध्याय, जोगेन्द्र सिंह, दलाराम चौधरी सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।



# दादी भक्तों ने देखी दादी के जीवन पर बनी फिल्म 'मोटी सेठानी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय संस्था दादी धाम प्रचार समिति, कर्नाटक प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन व मारवाड़ी सम्मेलन महिला परिधि के तत्वावधान में झुंझुनू वाली राणी दादी के जीवन पर आधारित बनी फिल्म मोटी सेठानी' का शहर के मैसूरु रोड स्थित सिनेमाघर में फिल्मांकन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में दादी की भक्तों ने परिवार सहित फिल्म देखी। अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर व्रत त्यौहार की पत्रिका पंचांग का दसवें संस्करण का विमोचन संजय नोपानी, विनय राय, संजीव खेतान, शिवकुमार टेकड़ीवाल, संजय चौधरी, अनूप अग्रवाल, प्रकाश चौधरी, संदीप, सुमितकुमार टेकड़ीवाल के सम्मेलन के अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, अरविन्द सलामपुरिया, रोहित अग्रवाल, गंगाधर मोर, महिला परिधि की अध्यक्षा माया अग्रवाल,जया चौधरी, आशा बागड़ी ने किया। इस मौके पर फिल्म में काम करने वाली अश्विनी जालान का भी सम्मान किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**आमंत्रण**

बेंगलूरु के जैन युवा संगठन के अध्यक्ष महावीर मुणोत के नेतृत्व में मुकेश सुराणा, सहमंत्री सुश्रुत चेलावत, ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश धोका, सहमंत्री रूपचंद कुमट, अतिथि आमंत्रण समिति के चेयरमैन मोती गोटावत, पूर्व अध्यक्ष दिनेश ख़िंवेसरा, अनिल बंट, अर्चित पारेख ने बेंगलूरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या से मुलाकात कर उन्हें 10 अप्रैल को फ्रीडम पार्क में आयोजित होने वाले श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक महोत्सव के लिए आमंत्रित किया।



# शेषाद्रिपुरम महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य उत्सव 'स्वरंग' का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शेषाद्रिपुरम महाविद्यालय के हिंदी विभाग के हिंदी संघ 'उत्कर्ष' द्वारा साहित्य उत्सव 'स्वरंग' के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय स्पर्धाओं का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय कवि भूपेन्द्र भानावत थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर.डॉ. आनंदप्पा ने की। कुमारी रितिका सुरेंद्रन ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सौम्या बीएल ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि भानावत का परिचय डॉ. सौम्या ने दिया।

भूपेन्द्र भानावत ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन की एक घटना के माध्यम से सफलता-असफलता व जीत-हार को स्वीकारने का तरीका बताया। उन्होंने समाज में निंदा एवं स्तुति के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर डॉ. आनंदप्पा ने भाषा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में भाषा का योगदान अतुलनीय है। उत्सव में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं का प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. एनएस शास्त्री ने धन्यवाद दिया। मंच संचालन कुमारी खुशी चावत ने किया।

# पूर्व सैनिकों के लिए आउटरीच कार्यक्रम में पेंशन पात्रता से जुड़ीं कई शिकायतों का हुआ समाधान

बेंगलूरु। दक्षिणी कमान मुख्यालय के तत्वावधान में सोमवार को मडीकेरी (कोडागु) में वेटरन्स, वीर नारियों और उनके आश्रितों के लिए मडीकेरी और विराजपेट से वेटरन्स आउटरीच का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दक्षिणी कमान जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, दक्षिण भारत क्षेत्र जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल करनबीर सिंह बराड़ और के एंड के सब एरिया जीओसी मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने शिरकत की।



ले. जनरल धीरज सेठ ने पेंशनभोगियों को संबोधित किया और उनके साथ बातचीत की। उन्होंने वेटरन्स, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान और सेवा को स्वीकार किया। उन्होंने भारतीय सेना की ओर से वेटरन्स और उनके परिवारों की देखभाल के लिए प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन

CHANGE OF NAME

I, **KANCHAN JAIN**, W/o Sri Rajesh Kumar Jain, aged about 65 years, R/at No. 16, Mandot Nivas, 2nd Main Road, Chakravarthi Iyengar Layout, Kumara Park West, Bangalore-560 020 do hereby declare that my correct name is **KANCHAN JAIN**, but in my Bank Account, my name is wrongly mentioned as **KANCHAND KUMARI** instead of **KANCHAN JAIN**, henceforth I shall be known and called as **KANCHAN JAIN** for all purposes, vide affidavit dated 24-03-2025, sworn before Advocate and Notary **K.G. RAJPAL** at Bangalore.

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com

# घर-घर गूंजे दशामाता के गीत, महिलाओं ने बांधे डोरे

## सुख, शांति समृद्धि की वृद्धि के लिए की दशामाता की पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। चैत्र मास कृष्ण पक्ष के दशमी के दिन दशामाता की पूजा की जाती है। दशा माता का व्रत माता पार्वती को समर्पित है। महिलाएं पीपल के पेड़ की पूजा कर कच्चा सूत( धागा) लपेट कर घर के सदस्यों के लिए खुशहाली की मंगल कामना करती हैं। सुख समृद्धि की कामना करते हुए महिलाएं गले में दशामाता के नाम का डोरा बांधती हैं कि और अनेक नियमों का पालन करती हैं। ऐसा माना जाता है कि यह व्रत करने से दसों दिशाओं से घर में धन-धान्य, सुख, शांति समृद्धि की वृद्धि होती है। यह व्रत होली के दूसरे दिन से दशमी तिथि तक किया जाता है।



**आस्टिन टाउन**

बेंगलूरु के आस्टिन टाऊन में सोमवार को महिलाओं द्वारा दशामाता की विधि विधान से पूजा की गई तथा परिवार के प्रति मंगल स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर महिलाओं को दशामाता कथा का श्रवण कराकर कथा का महत्व समझाया।



**बानसवाड़ी सेवा संघ**

बेंगलूरु के बानसवाड़ी सेवा संघ के कर्नाटक महिला मंडल की सदस्याओं ने सोमवार को दोड्डबानसवाड़ी स्थित उमा महेश्वरी मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ दशामाता की पूजा-अर्चना की।



**सराईपाल्या**

बेंगलूरु के सराईपाल्या में दशमी के अवसर पर सोमवार को राजस्थानी महिलाओं ने दशामाता की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने सुबह पीपल वृक्ष की पूजा की तथा पीपल की परिक्रमा कर भगवान से घर की दशा सुधारने की प्रार्थना की।



**मावहल्ली**

बेंगलूरु के मावहल्ली क्षेत्र के सुशीला रोड पर राजस्थानी महिलाओं ने हुल्लास कुंज में दशामाता की पूजा की तथा महिलाओं ने माता की कथा सुनी। महिलाओं ने मंगलगीत गाए तथा खुशहाली की कामना की।



**रामकृष्णनगर**

मैसूरु के रामकृष्णनगर में महिलाओं ने की दशामाता की पूजा।



**सिंगाहल्ली**

बेंगलूरु के सिंगाहल्ली स्थित दशामाता मंदिर में सोमवार को राजस्थानी समुदाय की महिलाओं ने दशामाता की पूजा की तथा परिवार की खुशहाली के लिए कामना की।



**बन्नूर**

मंड्या के बन्नूर स्थित माता मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने दशामाता पूजा कर कथा सुनी।



**प्रकाशनगर**

बेंगलूरु के लक्ष्मीनारायणपुरा के प्रकाशनगर में राजस्थानी महिलाओं ने पीपल के पेड़ का पूजन कर उस पर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा कर दशामाता की पूजा की। महिलाओं ने दशामाता की कथा श्रवण की।



**हेब्बाल**

राजस्थानी महिलाओं ने मैसूरु के हेब्बाल में माता मंदिर में दशामाता को भोग लगाया और पूजा की।



**जेपीनगर**

मैसूरु के जेपीनगर में राजस्थानी महिलाओं ने दशामाता पूजा कर विधिविधान से डोरा ग्रहण किया।



**जनतानगर**

मैसूरु के जनता नगर में दशामाता पूजा के दौरान महिलाओं ने पीपल के पेड़ की परिक्रमा की।



**टेरिसन कॉलेज**

मैसूरु के टेरिसन कॉलेज परिसर में माता मंदिर में महिलाओं ने की दशामाता की पूजा।



**एमसी लेआउट**

बेंगलूरु के एमसी लेआउट में सोमवार को महिलाओं द्वारा दशामाता का सामूहिक पूजन किया गया तथा कथा का श्रवण किया।

## 18 विधायकों के निलंबन पर विस अध्यक्ष ने कहा

# 'मैंने वित्त विधेयक के हित में काम किया'

मंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने सोमवार को कहा कि वह विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 18 विधायकों को निलंबित करने के अपने फैसले पर कायम रहेंगे। खादर यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, मुझे राज्य के हित में यह कठिन लेकिन जरूरी फैसला लेना पड़ा। कोई और विकल्प नहीं था, क्योंकि विधायकों ने 21 मार्च को राज्य वित्त विधेयक पेश किए जाने से ठीक पहले सदन में हंगामा किया और अभद्र व्यवहार किया।

कादर ने कहा कि अगर उन्होंने उस समय व्यवस्था बहाल नहीं की होती, तो शायद उस दिन वित्त विधेयक पेश नहीं किया जाता। अध्यक्ष ने कहा कि शुरू में वह विधायकों के इस तरह के 'अनियंत्रित और असंसदीय' व्यवहार के पीछे की मंशा को समझ नहीं पाए। खादर ने कहा, लेकिन जल्द ही मुझे एहसास हुआ कि विपक्षी विधायक वित्त विधेयक को पारित होने से रोकने की कोशिश कर रहे थे और राज्य के वित्त को खतरे में डालने का उनका एक छिपा हुआ मकसद था। बजट सत्र के आखिरी दिन वित्त विधेयक को मंजूरी नहीं मिलने से राज्य का सामान्य कामकाज बाधित हो जाता, जिससे वेतन देने और व्यय का प्रबंधन करने में मुश्किलें आतीं। यह पूछे जाने पर कि क्या छह महीने का निलंबन बहुत लंबा नहीं है, जिस पर उन्होंने दोहराया कि यह दंडात्मक नहीं बल्कि सुधारात्मक उपाय था।

अध्यक्ष ने कहा, मैंने उन्हें (भाजपा विधायकों को) अपने तौर-तरीके और संवैधानिक मुद्दों की समझ सुधारने के लिए पर्याप्त समय दिया। मुझे उम्मीद है कि वे इसे व्यक्तिगत तौर पर नहीं, बल्कि सौहार्दपूर्ण तरीके से लेंगे।

# ‘मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा’

## मैंने नहीं कहा कि संविधान में बदलाव किया जाना चाहिए
## यह भाजपा का दुष्प्रचार अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। संविधान के संबंध में अपने बयान को ’तोड़-मरोड़ कर पेश करने’ के लिए भाजपा पर हमला बोलते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि वे गलत सूचना अभियान चलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने ’सदाशिव नगर’ निवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, ’मैंने कभी नहीं कहा कि हम संविधान को बदलेंगे। भाजपा दुष्प्रचार कर रही है। मैं इसे कानूनी रूप से लड़ूंगा।’

जब उनसे भाजपा द्वारा की गई आलोचना के बारे में पूछा गया कि एक निजी टीवी चैनल पर उनके बयान में संविधान को बदलकर मुसलमानों के लिए धर्म आधारित आरक्षण देने की बात कही गई थी, तो उन्होंने कहा, ’भाजपा मेरे बयान को तोड़-मरोड़ रही है। मैं 36 साल से सार्वजनिक जीवन में हूं। मेरे पास बुनियादी समझ है, लेकिन भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है। मेरा नाम भाजपा के गलत सूचना आधारित अभियान में घसीटा जा रहा है।’



उन्होंने कहा, ’मैंने सिर्फ इतना कहा था कि अदालत के आदेशों के आधार पर संविधान को बदलने का पहले से उदाहरण है। मैंने कभी नहीं कहा कि हम संविधान को बदलेंगे। कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है, जिसने सबसे पहले संविधान दिया। हम संविधान के महत्त्व को दूसरों से बेहतर समझते हैं। केंद्र ने हाल के बजट में लोगों को निराश किया है, इसलिए यह अन्य मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रहा है। यह भाजपा की लगातार चल रही राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।’ अमित मालवीय द्वारा ’एक्स’ पर की गई एक पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ’वे देश को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा ने हमेशा देश को गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिश की है। उन्हें यह साबित करने दें कि मैंने कहा कि संविधान को बदलने की जरूरत है। यह भाजपा की ओछी राजनीति है। अगर वे सोनिया गांधी, उनके परिवार और कांग्रेस का नाम न लें तो उन्हें नींद नहीं आती। भाजपा जानकारी को गलत तरीके से पेश करने और प्रचार अभियान चलाने में माहिर है।’

जब उनसे एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे संविधान में बदलाव नहीं होने देंगे, तो उन्होंने कहा, ’हमारी वह पार्टी है, जिसने देश को संविधान दिया। इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। यह भाजपा की अपनी कमजोरियों को छिपाने की साजिश है।’ यह पूछे जाने पर कि 4 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को किन मानदंडों के तहत दिया गया, उन्होंने कहा, ’आरक्षण पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के आधार पर दिया गया है। यह मुद्दा महाराष्ट्र, हरियाणा और कुछ अन्य राज्यों में अदालत में है। विभिन्न राज्यों में अदालत के आदेशों के आधार पर कुछ बदलावों की अनुमति दी गई है।’ संबित पात्रा के उस बयान पर कि संविधान को बदलना हमेशा कांग्रेस और गांधी परिवार की सोच रही है, उन्होंने कहा, ’यह कांग्रेस के खिलाफ पूरी तरह से एक साजिश है।’ उन्होंने कहा, ’मैं उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा, जो मेरे बयानों को तोड़-मरोड़ रहे हैं। अगर ये बयान सदन के भीतर दिए गए हों तो ऐसा करना मुश्किल होगा, लेकिन अगर ये संसद के बाहर दिए गए तो मैं निश्चित रूप से कार्रवाई करूंगा।’ यह पूछे जाने पर कि क्या मीडिया ने उनके बयान को तोड़ा-मरोड़ा है, डीके शिवकुमार ने कहा, ’मीडिया की रिपोर्टिंग में कुछ भी गलत नहीं है। भाजपा ने मेरे बयानों को तोड़ा-मरोड़ा है और अनावश्यक रूप से मेरा नाम इसमें घसीट रही है।’



# डीके शिवकुमार को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एन. महेश ने मांग की है कि असंवैधानिक रुख अपनाने वाले उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। डीके शिवकुमार के इस बयान के खिलाफ कि वह ’संविधान बदल देंगे और मुसलमानों को आरक्षण देंगे’, भाजपा एससी मोर्चा द्वारा सोमवार को बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेसजन सदैव संविधान के पक्षधर रहे हैं और डॉ. बाबासाहेब ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वे अंबेडकर के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने बयानों की असंवैधानिक बताते हुए उनकी आलोचना की। सिद्दरामय्या ने मांग की कि डीके शिवकुमार का इस्तीफा तुरंत लिया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि यदि डीके शिवकुमार में संविधान और लोकतंत्र के प्रति थोड़ा भी सम्मान है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। हमने आज डी.के. शिवकुमार का पुतला जलाकर प्रतीकात्मक रूप से इसकी शुरुआत की है ताकि इसे जनांदोलन का रूप दिया जा सके। उन्होंने घोषणा की कि कल से यह पूरे राज्य में जारी रहेगा।

पार्टी के प्रदेश महासचिव पी. राजीव ने कहा कि सिद्दरामय्या के कैबिनेट मंत्री डी.के. शिवकुमार ने बेहद चौंकाने वाला बयान दिया है। डी.के. शिवकुमार ने यह नहीं कहा कि वे संविधान में संशोधन करेंगे; उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि उन्होंने कहा था कि वह संविधान बदल देंगे। कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रविरोधी ताकतों से हाथ मिला लिया है।

उन्होंने कहा कि जय भीम कहने वाले कांग्रेसियों का मुखौटा अब उतर चुका है। जनता के सामने कांग्रेस दलित विरोधी है, कांग्रेस संविधान विरोधी है, इस संविधान को तहस-नहस करने के लिए बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के सपनों के अखंड राष्ट्र को विघटित करने की साजिश रच रही है। सिद्दरामय्या से मांग की कि डीके शिवकुमार को तुरंत मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए।

विरोध प्रदर्शन में शहर जिला अध्यक्ष एस. हरीश, सप्तगिरी गौड़ा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल कुमार, एससी मोर्चा के प्रदेश महासचिव देवेन्द्र कौथा, मोर्चा उपाध्यक्ष हुडी मंजूनाथ, पार्टी नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बधाई



बेंगलूरु में सोमवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने अपने सदाशिवनगर स्थित आवास पर वरिष्ठ अभिनेत्री शबाना आजमी और उनके पति, प्रसिद्ध गीतकार जावेद अख्तर को बधाई दी, जिन्हें हाल ही में बेंगलूरु में आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# कर्नाटक के कई नेता हनीट्रैप के निशाने पर! इन दावों पर क्या बोले डीके शिवकुमार?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि वे उन दावों पर कुछ नहीं बोलेंगे, जिनमें कहा गया कि कर्नाटक के मंत्रियों और विधायकों को



हनीट्रैप रैकेट का निशाना बनाया गया है। उन्होंने इस मुद्दे से खुद को दूर रखने का प्रयास किया, जो एक बड़े विवाद का रूप ले चुका है।

बता दें कि गुरुवार को विधानसभा में बैठक के दौरान सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने दावा किया कि पार्टी लाइन से हटकर कम से कम 48 विधायकों को हनीट्रैप किया गया है और यह नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है, जिसमें कई केंद्रीय मंत्री भी फंस गए हैं। जबकि शिवकुमार ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने राजन्ना से बात की और उनसे शिकायत दर्ज कराने को कहा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, ’मैं यह नहीं बता सकता कि उन्होंने मुझसे क्या कहा। मैंने उनसे शिकायत दर्ज कराने को कहा।’ ऐसी चर्चाओं के बीच कि राजन्ना और लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली राज्य में सक्रिय हनीट्रैप रैकेट के बारे में पार्टी हाईकमान को अवगत कराने के लिए दिल्ली जाने की योजना बना रहे हैं, राजन्ना के बेटे राजेंद्र ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से मुलाकात की। जब पत्रकारों ने शिवकुमार से मुलाकात का कारण पूछा तो उन्होंने कहा, ’कोई भी किसी से भी मिल सकता है। कई सांसद, विधायक और यहां तक कि लोग मुख्यमंत्री और मुझसे मिलते हैं।’ इसके बाद उन्होंने कहा कि वे हनीट्रैप मुद्दे पर कोई जवाब नहीं देंगे।

शिवकुमार ने कहा, ’इस बारे में मुझसे मत पूछिए। मैं इस मुद्दे से संबंधित किसी भी बात का जवाब नहीं दूंगा।’ यह पूछे जाने पर कि क्या वे पार्टी आलाकमान के साथ नवीनतम घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए दिल्ली जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी झूठी खबरों के संबंध में किसी से मिलने की जरूरत नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या हनीट्रैप का मुद्दा विधानसभा में उठाया जाना कांग्रेस और सरकार के लिए शर्मनाक है, शिवकुमार ने कहा, ’इस बारे में मुख्यमंत्री से पूछिए।’



# कैबिनेट बैठक में चर्चा के बाद दूध मूल्य वृद्धि पर निर्णय लिया जाएगा : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दूध संघ केवल किसानों की सुविधा के लिए हैं, उनसे मुनाफा कमाने का कोई लक्ष्य नहीं है। यह बात मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने एक बैठक में कही। उन्होंने कहा कि दूध की दरों में वृद्धि का पूरा पैसा किसानों को हस्तांतरित किया जाना चाहिए। वह दरें बढ़ाने के लिए कोई भी यूनियनों के दबाव के आगे नहीं झुक रहे हैं। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास ‘कावेरी’ में कर्नाटक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के अध्यक्ष तथा जिला दुग्ध संघ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि कैबिनेट बैठक में चर्चा के बाद दूध मूल्य वृद्धि पर निर्णय लिया जाएगा।

दूध की कीमतों में वृद्धि के संबंध में यूनियनों की राय एकत्रित की गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का दृढ़ रुख यह है कि यदि दूध की कीमतें बढ़ाई जाती हैं तो पूरी राशि किसानों को हस्तांतरित की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि दुग्ध संघों को खर्च कम करना चाहिए। पारदर्शिता का पालन किया जाना चाहिए। यूनियनों को आवश्यकता से अधिक लोगों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त नहीं करना चाहिए। इसी कारण लागत बढ़ रही है। कुछ यूनियनें अनावश्यक प्रशासनिक लागतों के कारण घाटे में चल रही हैं।उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लागत किसी भी परिस्थिति में 2 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा किअगले तीन महीनों में प्रशासनिक लागत में 2.5 प्रतिशत की कमी की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी यूनियनों को अगले तीन महीनों के भीतर प्रशासनिक लागत को 2 प्रतिशत से नीचे लाना होगा।

# नड्डा और रीजीजू ने संसद में झूठ बोला, भाजपा करती है धर्म का इस्तेमाल : खरगे

बेंगलूरु/नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के एक कथित बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा तथा किरेन रीजीजू ने इस मामले पर संसद में झूठा बोला और सिर्फ भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए यह सब किया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि भाजपा कानून बनाने के लिए धर्म का इस्तेमाल करती है, जबकि कांग्रेस की सरकारों में कभी भी धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं दिया गया।

सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कर्नाटक विधानसभा में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधान वाला एक विधेयक पारित होने पर कड़ा विरोध जताया तथा कांग्रेस पर संविधान बदलने का प्रयास करने का आरोप लगाया। राज्यसभा में सदन के नेता और स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने कहा कि कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने बयान दिया है कि अगर जरूरत पड़ी, तो संविधान में बदलाव किया जाएगा। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, जेपी नड्डा जी और किरेन रिजीजू जी ने सदन में झूठ बोला, इसलिए हमारी पार्टी उनके ऊपर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण दे रही है, जो कि सरासर झूठ है।’’ उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ऐसे मुद्दे उठाकर अपनी सरकार में जारी भ्रष्टाचार को छिपाना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने का हवाला देते हुए कहा, ‘‘हाल ही में न्यायपालिका से जुड़ा एक मामला सामने आया है और भाजपा नहीं चाहती कि विपक्ष इन मुद्दों पर बात करे।’’ उन्होंने कहा, ‘‘कर्नाटक में 1994 में जो आरक्षण शुरू हुआ, उसे कांग्रेस, भाजपा, जनता दल (एस) और उस वक़्त की सभी पार्टियों ने स्वीकार किया। ये सभी की सरकारों में रहा है और आज भी है।’’ खरगे ने कहा कि भाजपा को दर्द हो रहा है, क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटी जनता के बीच जा रही है तथा कांग्रेस की लोकप्रियता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय को कभी अलग से आरक्षण नहीं दिया गया।

खरगे ने दावा किया, ‘‘प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते अपने राज्य में मुस्लिमों को ओबीसी की सूची में डाला था और अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार से निवेदन किया था कि राज्य की सूची को केंद्र की सूची में डालकर लागू किया जाए।’’ उन्होंने कहा, ‘‘हमने पांच श्रेणियों में डालकर सभी को न्याय दिलाने की कोशिश की है। भाजपा के लोग 30 साल पुराने कानून को चुनौती दे रहे हैं। ये दिखाता है कि भाजपा बौखलाई हुई है।’

# मुख्यमंत्री की बैठक से लेकर फोन टैपिंग तक, गृह मंत्री परमेश्वर ने हर मुद्दे पर रखी बात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक की सियासत में इन दिनों कई मुद्दों को लेकर चर्चा गर्म है। गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हालिया मुलाकात पर कहा कि उन्हें नहीं पता कि दोनों के बीच क्या बात हुई। यह मुलाकात मुख्यमंत्री के घुटने में चोट लगने के बाद पहली बार हुई थी।

परमेश्वर ने कहा, हमें इस बैठक का मुद्दा नहीं मालूम। दोनों ने अंदर क्या बात की, यह कोई नहीं जानता। ऐसी स्थिति में मैं इस पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी कैसे कर सकता हूं, जब तक मुझे इस बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं हो। दूसरी ओर, कांग्रेस नेता केएन राजन्ना पर हनी ट्रैपिंग के आरोपों ने भी सुर्खियां बटोरीं।

गृह मंत्री ने इस पर कहा, न मुझे न ही सीएम को अभी तक कोई औपचारिक शिकायत मिली है। शिकायत मिलने के बाद ही हम कुछ करेंगे। उन्होंने बताया कि वह कल राजन्ना के साथ थे और कोई गड़बड़ नहीं दिखा। परमेश्वर ने आगे कहा, कार्रवाई का कारण जानने के लिए पहले एफआईआर जरूरी है। बिना



शिकायत के मैं कुछ नहीं कर सकता। इस बारे में ज्यादा बोलना ठीक नहीं समझता। आज सीएम ने आंतरिक आरक्षण को लेकर एक अहम बैठक बुलाई है।

गृह मंत्री ने कहा, मैं इस बैठक में शामिल होने जा रहा हूं। देखते हैं कि वहां क्या चर्चा होती है। इस बैठक से राज्य में आरक्षण नीति पर नई दिशा तय होने की उम्मीद है। वहीं, मंत्रियों के कथित फोन टैपिंग के आरोप भी चर्चा में हैं। सूत्रों के हवाले से आई खबरों पर गृह मंत्री ने कहा, हमें कोई शिकायत नहीं मिली है।

शिकायत दर्ज होने के बाद ही हम आगे देखेंगे। फिलहाल मैं इस संबंध में किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं कर सकता हूं। आगे इसे लेकर को भी स्थिति पैदा होगी, उसे आधार पर कदम उठाए जाएंगे।

# राजीव चंद्रशेखर ने भाजपा की केरल इकाई के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

तिरुवनंतपुरम। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष का पदभार संभाला और राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सत्ता में लाने के अपने मिशन की घोषणा की। केरल की राजनीति में मुख्य रूप से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) का दबदबा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि उन्हें राज्य में भाजपा नीत गठबंधन को जीत दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है और उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं अपने आलाकमान-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और अन्य के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, मैं सभी पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और पार्टी के लिए अपना जीवन बलिदान करने वालों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं।

# राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो में राजभाषा कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन 21 मार्च को किया गया। राजभाषा कार्यशाला का उद्घाटन ब्यूरो के निदेशक डॉ. एस. एन. सुशील ने किया। इस अवसर पर ब्यूरो के विभागाध्यक्ष-जीनोमिक संसाधन विभाग डॉ. टी. वेंकटेशन; विभागाध्यक्ष- जननद्रव्य संग्रहण एवं लक्षणीकरण विभाग डॉ. सुनील जोशी; वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जे. मैथ्यू; मुख्य अतिथि के रूप में राजभाषा कार्यान्वयन के उपनिदेशक अनिर्बान कुमार बिश्वास और राज भवन, सदस्य सचिव, नराकास (का-4), केन्द्रीय विनिर्माणकारी प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलूरु की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित करके भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के गीत के साथ राजभाषा कार्यशाला की शुरुआत हुई।



ब्यूरो के निदेशक डॉ. एस.एन. सुशील ने कार्यशाला के उद्घाटन भाषण में कहा कि ब्यूरो की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा राजभाषा कार्यों और कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन का महत्वपूर्ण रूप से उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है।

राजभाषा विभाग, भारत सरकार और परिषद से हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के माध्यम से सराहनीय और प्रशंसा पत्र ब्यूरो को प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने अपने सम्बोधन में समस्त कर्मचारियों को राजभाषा कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी और कहा कि हमारे देश में अनेक बोलियाँ बोली जाती हैं किन्तु एकता की डोर में बाँधने का काम अगर कोई एक भाषा कर सकती है तो वो देश में सर्वाधिक बोले जाने वाली हिंदी भाषा है। निदेशक महोदय ने राजभाषा के सरल उपयोग और कार्यान्वन की महत्ता पर बल दिया।

राजभाषा कार्यशाला में ब्यूरो के समस्त वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों सहित भा.कृ.अनु.प.-भारतीय पशु-चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बेंगलूरु केंद्र तथा भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो बेंगलूरु केंद्र के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए तथा सक्रिय रूप से कार्यशाला में भाग लेकर सफल बनाया।

भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड
नंबर 3 और 4, स्टेज - 1, फेज - 1, बीटीएम लेआउट,
बन्नेरघट्टा रोड, बेंगलूरु-560 029, कर्नाटक, भारत

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण**

(ईओआई नंबर 008/सीओ/ईओआई/2024-25 दिनांक 20 मार्च 2025)

बीआरबीएनएमपीएल बैंगलोर शहरी जिले (कर्नाटक) में पैकेज डील के आधार पर आवासीय फ्लैटों/विला/बिल्डर फ्लोर/भूखंडों की खरीद के लिए पात्र और प्रतिष्ठित बिल्डरों/संपत्ति मालिकों/संपत्ति डेवलपर्स/परामर्शदाताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

पूर्ण विवरण के साथ उत्तर मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड, नैगमिक कार्यालय, नंबर 3 और 4, स्टेज - 1, फेज - 1, बीटीएम लेआउट, बन्नेरघट्टा रोड, बेंगलूरु - 560 029, भारत को **24 अप्रैल 2025 को या उससे पहले 14:30 बजे तक भौतिक रूप से प्रस्तुत किया जाना है।**

ईओआई दस्तावेजों, पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.brbnmpl.co.in पर जाएं। आगे के सभी संशोधन / शुद्धिपत्र यदि कोई हों, तो केवल कंपनी की वेबसाइट पर अधिसूचित किए जाएंगे। इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे परिवर्तन / संशोधन, यदि कोई हों, जानने के लिए समय-समय पर हमारी वेबसाइट देखें।

Government of India
Office Of The
PRINCIPAL CHIEF COMMISSIONER OF INCOME TAX
3rd Floor, Aayakar Bhavan, Maharshi Karve Road, Mumbai - 400020
Ph.: 022-2209 5484, 2203 9131, Fax: 2201 3301, 2207 9274
Email: mumbai.ito.hq.coord@incometax.gov.in

**कानूनी सलाहकार की नियुक्ति**

मुख्य आयकर आयुक्त (केन्द्रीय)-१ एवं २, मुंबई और आयकर महानिदेशक (अन्वे.), मुंबई प्रत्यक्ष कर कानूनों से संबंधित मामलों और अन्य प्रत्यक्ष कर मामलों, जो की अप्रत्यक्ष कर कानूनों, धन शोधन निवारण अधिनियम २००२, दिवाला और दिवालियापन संहिता, २०१६, कंपनी अधिनियम, २०१३, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, १९९९, बैंकिंग से संबंधित कानून और विनियम, सेबी अधिनियम, १९९२ और प्रतिस्पर्धा अधिनियम, २००२ आदि से संबंधित हो, पर सलाह प्रदान करने के लिए एक या एक से अधिक लॉ फर्म को नियुक्त करना चाहते हैं। इच्छुक पार्टियां इससे संबंधित प्रस्ताव और दस्तावेज की विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://incometaxindia.gov.in पर प्राप्त कर सकती हैं।



# भजनलाल ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं, अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को यहां आमजन की परिवेदनाएं सुनी और अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की और इस दौरान वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति से आत्मीयता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को सुना। शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से संबंधित समस्याएं सुनी तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादी को राहत दी।

इस दौरान आमजन ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में दी गई सौगातों के लिए शर्मा का आभार जताया तथा दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया। जनसुनवाई में बालोतरा की बबीता कुमारी ने मुख्यमंत्री को दांतों से संबंधित बीमारी से अवगत कराया तथा शीघ्र इलाज के लिए निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बबीता कुमारी को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

पाली से आई कैंसर रोग से ग्रसित गायत्री ने कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। इस पर शर्मा ने गायत्री को निःशुल्क कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बबीता और गायत्री अपनी परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण से बेहद खुश नजर आई और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## बांसवाड़ा में लड़की की गला काटकर हत्या

जयपुर। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के लोहारिया थाना क्षेत्र में रविवार को 13 वर्षीय एक लड़की का गला काटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पालोदा कस्बा निवासी लालजी पाटीदार अपने परिवार के साथ रविवार सुबह खेत पर गए थे। इस दौरान उनकी बेटी जाह्नवी (13) घर पर अकेली थी। उन्होंने बताया कि जब परिजन खेत से लौटे तो जाह्नवी का शव रसोई में खून से लथपथ मिला। पुलिस उपाधीक्षक सुदर्शन पालीवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिजनों का आरोप है कि हत्यारे जाह्नवी की गला काटकर हत्या करने के बाद उसके नाक-कान में पहने गहने लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम और श्वान दस्ते को बुलाया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## जालौर में तेंदुए के हमलों में दो लोग घायल

जयपुर। राजस्थान के जालौर जिले में सोमवार को तेंदुए के अलग-अलग हमलों में दो बुजुर्ग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना कोटरा इलाके में हुई जब तेंदुए ने पहले एक किसान चेलाराम (63) पर खेत में हमला किया और करीब 20 मिनट बाद वह गांव के एक घर में घुसकर 58 वर्षीय लीला देवी पर हमला कर दिया।

# भीलवाड़ा जिले में कोठारी नदी पर हाई लेवल पुलों का निर्माण कार्य शीघ्र होगा पूरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को विधान सभा में कहा कि भीलवाड़ा जिले के कोठारी नदी पर बनने वाले हाई लेवल पुलों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जोधरास हाई लेवल पूल के निर्माण में हुई लापरवाही के लिए भीलवाड़ा जिला कलेक्टर से जाँच करवाकर दोषियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई होगी। शून्य काल के दौरान नगरीय विकास मंत्री ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की ओर से सदन के सदस्य अशोक कुमार कोठारी के ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाये गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि कोठारी नदी पर बन रहे जोधरास हाई लेवल पुल का निर्माण कार्य अजमेर रोड की ओर से एप्रोच रोड तथा कोठारी नदी के ऊपर पुल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पुल के दूसरी ओर गोविंदपुरा गांव को जोड़ने वाली एप्रोच सड़क



का निर्माण आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। भूमि उपलब्ध होते ही शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर आमजन के आवागमन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

नगरीय विकास मंत्री ने बताया की आरओबी जोधरास पुल का अब तक 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कार्य में देरी होने की वजह से संवेदक को नोटिस भी दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कार्य प्रगति की साप्ताहिक मॉनिटरिंग भी की जा रही हैं। तथा संवेदक को अंतिम नोटिस देकर सूचित किया गया कि आगामी 15 दिवस में कार्य संतोषजनक नहीं होने पर शेष कार्य रिस्क एंड कॉस्ट पर नई निविदा जारी कर पूर्ण किया जाएगा।

खर्रा ने बताया कि केशव पोरवाल हॉस्पिटल हाई लेवल पुल निर्माण के दौरान कुछ हिस्से के क्षतिग्रस्त होने के कारण एमएनआईटी जयपुर के द्वारा तकनीकी परीक्षण के बाद मरम्मत कार्य करवाया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी दो माह में इस पुल का भार वहन परीक्षण करवाकर आमजन के लिए खोला जाएगा।

नगरीय विकास मंत्री ने बताया की भीलवाड़ा जिले के सांगानेर हाई लेवल पुल के निर्माण कार्य के दौरान इस कस्बे की मुख्य जल व विद्युत आपूर्ति लाइन को अन्यत्र स्थान पर शिफ़्ट किया जाना प्रस्तावित था। इस कारण मुख्य कार्य में विलंब हुआ। फिर भी इस पुल का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में पानी और बिजली की लाइन भी शिफ्ट की जा चुकी हैं। अतः उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि इस वर्ष के माह सितंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिया जाएगा।



# मतदान केन्द्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता की जल्द हो नियुक्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढ़ाने, शत प्रतिशत प्रात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, राज्य स्तर, जिला स्तर एवं उपखण्ड स्तर पर राजनैतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा मतदान केन्द्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्ति करने व लिंगानुपात में सुधार करने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एडीएम कक्ष में आयोजित हुई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए राजनैतिक दलों के प्रदेशाध्यक्षों द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदाता की ही नियुक्ति बीएलए प्रथम के रूप में की जाए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार के बीएलए द्वितीय की नियुक्ति संबंधित विधानसभा क्षेत्र के बीएलए प्रथम द्वारा की जाएगी। इस दौरान आईएनसी के राजेश सैनी, गोपाल लाल मीणा, वसीम खान, गुलाम मुस्तफा और राजेश कुमार अटल, बीएसपी के प्रमोद कुमार दिवाकर, आरएलपी के शंकर लाल नारोलिया सहित अन्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नागौर से जोधपुर खंड पर 87 किमी एनएच को केंद्र की मंजूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग-62 के नागौर बाईपास से नेत्रा गांव तक (नागौर-नेत्रा पैकेज ) 87.63 किमी लंबे हिस्से को पेव्ड शोल्डर के साथ 4-लेन में चौड़ीकरण के लिए 787.33 करोड़ की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है।

एक्स पर जानकारी देते हुए गडकरी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-62 का नागौर-खीमसर-सोयला-नेत्रा खंड (87 किलोमीटर) पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेन का है, जब कि नेत्रा से मंडोर खंड (जोधपुर) पहले से ही 4-लेन का है। नागौर से जोधपुर खंड पर 16,000 पीसीयू से अधिक औसत दैनिक यातायात को ध्यान में रखकर, इस 87 किमी के हिस्से को बढ़ते यातायात और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को समायोजित करने के लिए पेव्ड शोल्डर के साथ 4-लेन की सड़क में अपग्रेड किया जा रहा है। यह परियोजना 6.55 किमी लंबे प्रस्तावित बाईपास के माध्यम से बावड़ी शहर सहित पूरे खंड के यातायात को कम करने में मदद करेगी। साथ ही खिमसर के चूना खनन क्षेत्रों के साथ-साथ नागौर जिले के सीमेंट उद्योगों को भी बेहतर संपर्क प्रदान करेगी तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी।

### मंत्री गजेंद्र सिंह ने जताया आभार

जोधपुर और नागौर के निवासियों के लिए अच्छी खबर है। जोधपुर-नागौर हाईवे को चार लेन में अपग्रेड करने की मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस परियोजना को स्वीकृति दी है। साथ ही, बावड़ी कस्बे से 6.55 किलोमीटर लंबा बाईपास भी बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय यातायात को राहत मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के प्रयासों को विशेष रूप से सराहा जा रहा है। केंद्र सरकार ने इसके लिए 787.33 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की है। सड़क अपग्रेडेशन से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। सड़क अपग्रेड के बाद किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी परिवहन लागत भी कम होगी। इसके अतिरिक्त, जोधपुर और नागौर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों तक पर्यटकों की आसान पहुंच होगी, जिससे क्षेत्र का पर्यटन भी बढ़ेगा।

गजेंद्र सिंह शेखावत ने परियोजना को मंजूरी दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शेखावत ने कहा, इस परियोजना से न केवल क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी, बल्कि नागौर और जोधपुर के लोगों के लिए यह एक सुरक्षित और तेज़ रफ्तार जीवनरेखा साबित होगी। यह परियोजना आने वाले वर्षों में राजस्थान के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# राज्य में खेलों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा : राज्यवर्धन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में खेल संघों की कार्यप्रणाली पर लगातार उठ रहे सवालों के बीच रविवार को खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य में खेलों के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खेल मंत्री ने सुझाव दिया कि राजस्थान क्रीड़ा परिषद को राज्य के सभी खेल संघों और समितियों का वित्तीय ऑडिट करवाना चाहिए। ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। खासकर क्रिकेट एसोसिएशन जैसे महत्वपूर्ण निकायों में इस प्रकार की ऑडिट हो। खेल मंत्री ने यह भी कहा कि खेल परिषद को राज्य के सभी खेल निकायों, जिनमें क्रिकेट



भी शामिल है, के लिए एक उच्च स्तरीय शासन प्रणाली लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा अपनाई गई नीतियों की तरह राजस्थान में भी खेल संगठनों का संचालन किया जाना चाहिए।

हाल ही में राजस्थान क्रीड़ा परिषद ने राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ समेत कई खेल संघों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि वे अपने संचालन में पारदर्शिता नहीं रखते हैं और नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का यह बयान काफी अहम माना जा रहा है। राठौड़ ने अपने ट्वीट से इशारों-इशारों में खेल संघों से अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर केवल खेल के विकास पर ध्यान दें। साथ ही राठौड़ ने ये भी साफ कर दिया है कि खेल संघों को अपने कार्यों में सुधार करना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा प्रदेश में खेलों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी खेल संघों और समितियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे खेल और खिलाड़ियों के हित को प्राथमिकता दें और विवेकपूर्ण तरीके से फैसले लें।




# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

टोंक। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। बागड़े ने सोमवार को यहां जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर विकास योजनाओं और जनहित के कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और उनके जीवन में सुधार लाने के लिए जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें।

उन्होंने जल संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना में गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में संचित रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सुदूर गांवों और ढाणियों में सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, इस कार्य को प्राथमिकता से समयबद्ध सीमा में पूरा किया जाएं।

जल जीवन मिशन में प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएं। पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित करें।बागड़े ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाएं।

उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओ की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, पीएम फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना को लेकर संबधित विभाग के अधिकारियों को काश्तकारो को अधिकारिक जानकारी प्रदान कर लाभांवित करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने आंगनबाडी केन्द्रो पर बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास तथा बालिकाओं की उपस्थिति एवं पोषण को लेकर विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। डेयरी विभाग के अधिकारियों को जिले में डेयरी उत्पाद के विकास की संभावनाओ पर कार्य करने पर बल दिया।

# जूली को और पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति नहीं मिलने पर कांग्रेस सदस्यों ने किया सदन से बहिर्गमन

जयपुर। राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा के तृतीय एवं बजट सत्र में सोमवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को और पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति नहीं मिलने पर विपक्ष कांग्रेस के सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्नकाल में बिजली से संबंधित एक



प्रश्न पर जूली ने एक और पूरक प्रश्न पूछना चाहा लेकिन अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसकी अनुमति नहीं दी। इस पर जूली ने विपक्ष का अधिकार बताते हुए इस पर आपत्ति जताई। इस पर देवनानी ने कहा कि जूली को पहले ही दो पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति दी जा चुकी और अब नियमों के अनुसार इससे अधिक की इजाजत नहीं दी जा सकती।

इसके बाद कांग्रेस विधायक वेल में आ गये और नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों को अपनी जगहों पर जाने के लिए कहा लेकिन कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा जारी रखा। देवनानी ने कांग्रेस सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि आज सत्र का अंतिम दिन है, इसे शांतिपूर्वक चलने दें, यह अच्छी परंपरा नहीं है लेकिन हंगामा जारी रहा।

इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वे बेवजह सदन की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष तीन बार अनुरोध कर चुके हैं लेकिन कांग्रेस केवल हंगामे की राजनीति कर रही है। बाद में कांग्रेस सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

## विहिप ने सपा सांसद के राणा सांगा पर दिए बयान के विरोध किया प्रदर्शन

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के चित्तौडगढ़ में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मेवाड के पूर्व महाराणा सांगा पर समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा करते हुए प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। विहिप के जिला अध्यक्ष किशन पिछोलिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर सपा सांसद का पुतला फूंका और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम दिये ज्ञापन में पिछोलिया ने कहा कि सपा सांसद का यह बयान न केवल ऐतिहासिक तथ्यों का अपमान है, बल्कि यह समाज में असहमति और उन्माद पैदा करने का प्रयास है। इस तरह के बयान पूरी तरह से अक्षम्य है तथा तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है, जिस पर सपा सांसद को तुरंत निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये।

# महिलाओं ने दशा माता पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

भीलवाड़ा/दक्षिण भारत । राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में सोमवार को चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को दशा माता का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। दशा माता पर्व पर महिलाओं ने नए परिधान एवं आभूषण पहनकर मंगल गीत गाते हुए पीपल पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने पीपल के पेड़ पर कुमकुम से स्वास्तिक बनाया और तिलक लगाकर पूजा की। उन्होंने पीपल को मौली बांधा एवं सामूहिक रूप से विधि-विधान से दशा माता का पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



सोमवार अल सुबह शहर के विभिन्न स्थानों पर गली-मोहल्लों और मंदिरों में भी महिलाओं ने बड़े श्रद्धाभाव से पीपल वृक्ष की पूजा कर परिक्रमा की और दशा माता की कथा सुनी। शहर के विभिन्न इलाकों में महिलाओं ने पारंपरिक अनुष्ठान कर पूजन किया और परिवार की मंगलकामना की।

परंपरा के अनुसार पूजन के दौरान महिलाएं पीपल वृक्ष से छोटी उंगली से सूखी छाल का टुकड़ा निकालकर अपने घर ले जाती है और इसे आभूषण की तरह संजोकर रखती है।



## उप्र में महिला सुरक्षा को लेकर सपा का संसद परिसर में प्रदर्शन, योगी का इस्तीफा मांगा

**नई दिल्ली/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसदों ने उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर सोमवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं जिन पर उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति और 'बेटियों पर अत्याचार' का उल्लेख था।

सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश की यह स्थिति हो गई है कि लड़कियों को मारकर लटका दिया जाता है। पहले अयोध्या में हुआ, फिर बलिया और बनारस में हुआ। कोई सुनने वाला नहीं है। कानून-व्यवस्था पूरी तरह भंग हो चुकी है।''

उन्होंने कहा, ''हमारी मांग है कि अन्याय करने वालों को दंड मिले। यदि ऐसा नहीं हो सकता तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। वह महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे हैं।'' सपा सांसदों ने संसद के दोनों सदनों में भी यह विषय उठाने का प्रयास किया।

## वित्त मंत्री को 'टैरिफ नीति' घोषित करनी चाहिए : सौगत रॉय



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सौगत रॉय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाए जाने की घोषणा का हवाला देते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 'टैरिफ नीति' देश के समक्ष रखनी चाहिए। उन्होंने सदन में वित्त विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि अमेरिका ने जिस तरह से 'टैरिफ' की घोषणा की है उसका भारत की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर हो सकता है।

रॉय ने कहा, ''निर्मला सीतारमण को 'टैरिफ पॉलिसी' की घोषणा करनी चाहिए।'' उनका कहना था कि व्यापार को लेकर एक समान नीति होनी चाहिए, जो नहीं है। रॉय ने कहा कि ट्रंप के कदमों से भारत को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्वीकार करना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति खराब है। चर्चा में भाग लेते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के अमरा राम ने कहा कि सरकार बड़ी कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज बट्टे खाते में डाल देती है, लेकिन आम लोगों को राहत नहीं देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्षी पार्टियों के शासन वाले राज्यों के साथ भेदभाव करती है।

## बलि देने के लिए अगवा किया दो वर्षीय बालक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में कथित तौर पर तंत्र-मंत्र के नाम पर बलि देने के लिए अपहरण कर अनाज रखने वाले मिट्टी की डेहरी में छिपाकर रखे गए एक दो वर्षीय बच्चे को बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक गड़ासा एवं एक छुरा भी बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने सोमवार को बताया कि उतरौला थानाक्षेत्र के तेंदुआ तकिया गांव में घर के बाहर खेलते समय दो वर्षीय अनमोल गायब हो गया तथा जब शाम होने के बाद भी वह दिखाई नहीं दिया तो उसकी मां बिंदु उसे तलाशने लगी। कुमार ने बताया कि काफी समय बीतने के बाद भी जब अनमोल नहीं मिला तो बिंदु ने गांव वालों को इसकी जानकारी दी और फिर ग्रामीण उसे ढूंढने लगे। एसपी के अनुसार रविवार को आशंका होने पर ग्रामीण पड़ोसी लक्ष्मी नारायण कोरी के घर में घुसे तथा जब वे मिट्टी के डेहरी के पास पहुंचे तो लक्ष्मी नारायण उन्हें रोकने लगा। शंका होने पर गांव वालों ने डेहरी खोल कर देखा तो अनमोल वहां अचेत पड़ा मिला। कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी और फिर पुलिस ने अनमोल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। एसपी ने बताया कि आरोपी तंत्र-मंत्र क्रिया में विश्वास रखता है तथा उसकी निशानदेही पर छिपाकर रखे गए गड़ासा एवं छुरा को बरामद किया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ओडिशा: राष्ट्रपति मुर्मू ने नयागढ़ में श्री नीलमाधव मंदिर में पूजा-अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के नयागढ़ जिले में श्री नीलमाधव मंदिर में सोमवार को पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति के साथ ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद थे। श्री नीलमाधव मंदिर महानदी के तट पर कांतिलो में स्थित है।

मंदिर के पुजारी ने कहा, ''राष्ट्रपति ने आरती की। वह प्रसिद्ध भगवान विष्णु मंदिर में पूजा-अर्चना कर के प्रसन्न थीं।'' उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी राष्ट्रपति ने इस मंदिर में पूजा-अर्चना की है। श्री नीलमाधव मंदिर दो पहाड़ियों के पास स्थित है और घने जंगलों से घिरा हुआ है। प्राचीन काल में सबर जनजाति श्री नीलमाधव की पूजा करती थी। श्री जगन्नाथ संस्कृति के शोधकर्ता भास्कर मिश्रा के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान जगन्नाथ की मूर्ति के निर्माण और पुरी मंदिर में स्थापित होने से पहले भगवान विष्णु को मूल रूप से श्री नीलमाधव के रूप में पूजा जाता था। इससे पहले, बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत किया था।

मुर्मू इसके बाद सबर राजा बिस्वबासु के गांव कालियापल्ली गईं, जहां उन्होंने उनकी (सबर राजा बिस्वबासु) प्रतिमा का अनावरण किया। वह कालियापल्ली में भारतीय विश्वबासु सबर समाज के स्थापना दिवस समारोह में भी शामिल हो सकती हैं। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के अनुसार, वह भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर वापस आएंगी और राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार सुबह 9:20 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

## झारखंड में अगले वित्त वर्ष में जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा: मंत्री दीपक बिरुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को एक मंत्री ने कहा कि राज्य में अगले वित्त वर्ष में प्रस्तावित जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए कार्मिक विभाग को पहले ही नोडल एजेंसी बनाया गया है।

परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, सरकार राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण कराने को लेकर गंभीर है। इस संबंध में पिछले साल फरवरी में ही निर्णय लिया जा चुका है। हम अगले वित्त वर्ष के दौरान सर्वेक्षण कराने के लिए अपना पूरा प्रयास करेंगे।

यादव सर्वेक्षण की समय-सीमा के बारे में जानना चाहते थे। उन्होंने सरकार से कार्मिक विभाग द्वारा अब तक की गई कवायद के बारे में भी पूछा। बिरुआ ने कहा कि विभाग ने एक एजेंसी की सेवा लेने के लिये चार मार्च को एक नोटिस जारी किया, ताकि इसके लिये जरूरी लोगों की कुल संख्या, कार्य के स्तर और इस कार्य के वित्तीय पहलू का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा, मैंने कुछ एजेंसियों से बात की है, लेकिन इसमें कुछ समय लगेगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष समाप्त होने में अब कुछ ही दिन शेष रह गये हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि सरकार तेलंगाना और बिहार की तर्ज पर अगले वित्त वर्ष में इस प्रक्रिया को पूरा करने का पूरा प्रयास करेगी।

प्रदीप ने सरकार से सरना अनुयायियों की जनसंख्या का पता लगाने के लिए सरना धार्मिक संहिता को शामिल करने का आग्रह किया।

## मेरे पास नए बिहार के लिए ''एक विजन, विशेष मिशन और अटूट जुनून'' है : तेजस्वी



**पटना/भाषा।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि उनके पास नए बिहार के लिए ''एक विजन, एक विशेष मिशन और अटूट जुनून'' है । पूर्व उपमुख्यमंत्री ने भाजपा के नेतृत्व वाले राजग पर एक 'आउटडेटेड सरकार' चलाने और 'सबसे युवा' आबादी वाले राज्य को निराश करने का आरोप लगाया। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता यादव ने इस महीने की शुरुआत में पेश किए गए बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए सदन में जोरदार भाषण दिया।

इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की ओर इशारा करते हुए यादव ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि 2025 में बिहार देश में सबसे युवा आबादी वाला राज्य होने का लाभ उठाएगा।'' उन्होंने कहा, ''मेरे आलोचक मुझे बच्चा कहकर खारिज करने की कोशिश करते हैं, लेकिन लोग जानते हैं कि मैं मन का सच्चा हूँ।'' युवा नेता ने कहा कि बिहार को इस 'आउटडेटेड' सरकार से छुटकारा पाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''मेरे पास नया बिहार बनाने के लिए एक विजन, एक विशेष मिशन और अटूट जुनून है। साल 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजग के खिलाफ विपक्षी महागठबंधन के संभावित नेतृत्वकर्ता यादव ने 40 मिनट के भाषण में नीतीश कुमार नीत सरकार के विकास के दावे पर सवाल उठाया। यादव ने आरोप लगाया कि राज्य अब ''कर्ज में डूबा हुआ है, हर दिन 56 करोड़ रुपए ब्याज के रूप में दे रहा है'' और 'डबल इंजन सरकार' के दावों के बावजूद, केंद्र द्वारा 'सौतेला' व्यवहार किया जा रहा है । उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले राजग पर जातिगत और धार्मिक आधार पर लोगों को लड़ाने का आरोप लगाते हुए दावा किया एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, सांप्रदायिक दंगों की घटनाओं के मामले में बिहार दूसरे स्थान पर है।



## बरेली में गैस एजेन्सी के ट्रक में लगी आग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बरेली (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के बिथरी चैनपुर में सोमवार की दोपहर एक गैस एजेंसी के ट्रक में आग लग गई, जिससे उसमें लदे 345 से ज्यादा सिलेंडरों में एक के बाद एक हुए जोरदार धमाकों से आसपास के इलाकों में अफरातफरी और दहशत फैल गई। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

**एक के बाद एक 345 से अधिक सिलेंडर फटने से फैली दहशत**

अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर गांव के बाहर महालक्ष्मी गैस एजेन्सी के ट्रक में अज्ञात कारणों से आग लग गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद उस पर लदे सिलेंडरों में धमाके होना शुरू हो गये, एक के बाद एक 345 से ज्यादा सिलेंडरों में धमाके होने से आसपास के गांवों में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया और दहशत व्याप्त हो गई। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि धमाकों से घबराये ग्रामीणों ने गैस एजेंसी के गोदाम के आसपास का इलाका खाली करना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी और दमकल कर्मी मौके पर पहुंची और करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझायी। स्थानीय लोगों के मुताबिक धमाकों की आवाज तीन किलोमीटर दूर तक सुनायी दी और फटे हुए सिलेंडरों के टुकड़े आधा किलोमीटर दूर खेतों में गिरे।

## आरजी कर दुष्कर्म-हत्याकांड: कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केस डायरी मांगी, सीबीआई से पूछे सवाल

**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को निर्देश दिया कि एजेंसी आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले की जांच से संबंधित 'केस डायरी' अगली सुनवाई पर पेश करे।

अदालत ने पूछा कि क्या केंद्रीय एजेंसी जांच में सामूहिक दुष्कर्म या सबूतों को नष्ट करने की आशंका पर विचार कर रही है। मृतक महिला चिकित्सक के माता-पिता (याचिकाकर्ता) ने अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि अधीनस्थ न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल करते समय सीबीआई ने अपराध में बड़ी साजिश होने की बात कही थी, जिसके बाद उन्होंने मामले की जांच का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं के अनुरोध पर जांच के वर्तमान चरण और सीबीआई द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली स्थिति रिपोर्ट के अधीन विचार किया जाएगा।



## वैश्विक जहाज निर्माण उद्योग के लिए विकल्प बनने को तैयार भारत : सोनोवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सिंगापुर/भाषा।** भारत ने बंदरगाह के बुनियादी ढांचे का विस्तार करने और कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास शुरू किए हैं और ये सुधार बंदरगाह की दक्षता में वृद्धि, मजबूत मालवहन प्रवाह और बढ़ते निवेशक भरोसे के रूप में फल दे रहे हैं। पोत परिवहन, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने यह जानकारी दी है।

सिंगापुर में 24-28 मार्च तक आयोजित समुद्री सप्ताह को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा कि भारत, दुनियाभर के जहाज निर्माण उद्योगों के लिए एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी विकल्प बनने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ''नीतिगत प्रोत्साहन, कारोबार सुगमता और बुनियादी ढांचे में वृद्धि के माध्यम से हम वर्ष 2047 तक भारत को शीर्ष पांच जहाज निर्माण देशों में से एक के रूप में उभरने की नींव रख रहे हैं।''

इसके अलावा, भारत हरित हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव के निर्माण का समर्थन करने और समुद्री क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधन के उपयोग में अग्रणी होने के लिए तीन हरित हाइड्रोजन केंद्र बंदरगाहों - कांडला, तूतीकोरिन और पारादीप की स्थापना कर रहा है।

भारतीय बंदरगाह, आज वैश्विक मालवहन (कार्गो) का लगभग छह प्रतिशत भाग संभालते हैं। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक यह हिस्सा बढ़कर 15 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

## झारखंड विधानसभा में अंबेडकर की प्रतिमा की मांग को लेकर भाकपा ने मार्च निकाला



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर एक मार्च निकाला।

अंबेडकर संविधान सभा के अध्यक्ष थे, जबकि वर्तमान झारखंड से आने वाले मुंडा इसके सदस्यों में से एक थे। भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा के नेतृत्व में निकाले गए मार्च में सैकड़ों पार्टी समर्थकों ने हिस्सा लिया। राजा ने कहा,''झारखंड विधानसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा की मूर्तियां स्थापित नहीं की गई हैं, जबकि राज्य के गठन के कई साल बीत चुके हैं।'' झारखंड का गठन 15 नवंबर 2000 को बिहार के दक्षिणी भाग को अलग करके किया गया था। राजा ने आरोप लगाया कि झारखंड के खदानों और खनिजों समेत प्राकृतिक संसाधनों का कॉरपोरेट घरानों द्वारा दोहन किया जा रहा है।

## शिवकुमार की टिप्पणी से कांग्रेस का संविधान बदलने का छिपा एजेंडा सामने आ गया : भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की मुस्लिम आरक्षण संबंधी ताजा टिप्पणी से कांग्रेस का 'छिपा एजेंडा' सामने आ गया है, जिसके तहत वह अल्पसंख्यक समुदाय को वोट के लिए आरक्षण देने के वास्ते संविधान में बदलाव करना चाहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी को देश को बताना चाहिए कि वे संविधान नहीं बदलेंगे। गौरतलब है कि शिवकुमार ने रविवार को कहा कि अच्छा दिन तब आ सकता है, जब मुसलमानों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करने के लिए संविधान में बदलाव किया जा सकता है। हालांकि, कांग्रेस नेता ने सोमवार को दावा किया कि उनकी बात को गलत तरीके से पेश किया और उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम संविधान बदल देंगे। उनकी कथित टिप्पणी पर विवाद उत्पन्न होने और भाजपा द्वारा संसद में इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि धर्म आधारित आरक्षण देने के लिए संविधान में किसी भी तरह से संशोधन किया जाएगा।

# चुनावी बॉण्ड को वापस लाने के विकल्प खुले रखने का मोइत्रा ने सरकार पर आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने सोमवार को नये आयकर अधिनियम के एक प्रावधान का हवाला देते हुए लोकसभा में सवाल किया कि क्या सरकार चुनावी बॉण्ड को किसी और प्रारूप में वापस लाना चाहती है। साथ ही, आरोप लगाया कि ईडी और सीबीआई इस सरकार के लिए पेशेवर 'कलेक्शन एजेंट' बन गए हैं।

वित्त विधेयक 2025 पर सदन में चर्चा में हिस्सा लेते हुए मोइत्रा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2024 के अपने फैसले में चुनावी बॉण्ड को असंवैधानिक करार दिया है, फिर भी नये आयकर अधिनियम, 2025 में चुनावी बॉण्ड से जुड़े प्रावधान का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा, ''क्या यह विधायी निगरानी में है। यदि निगरानी में नहीं है तो इससे जाहिर होता है कि आप विकल्प खुले रखने की कोशिश कर रहे हैं, कुछ प्रकार की प्रविष्टि के लिए, अपने पसंदीदा 'हफ्ता कलेक्शन सिस्टम' में।'' उन्होंने सवाल किया, ''क्या सरकार चुनावी बॉण्ड को किसी और प्रारूप में वापस लाना चाहती है।'' तृणमूल कांग्रेस सदस्य ने दावा किया, ''चुनावी बॉण्ड के डेटा से प्रदर्शित होता है कि घाटे में चल रही कंपनियों ने भाजपा को 434 करोड़ रुपए का चंदा दिया। जांच के दायरे में मौजूद 41 कंपनियों ने भाजपा को 2,500 करोड़ रुपए चंदा दिया।

जांच का सामना कर रही 30 कंपनियों ने 335 करोड़ रुपए (भाजपा को) चंदा दिया।'' उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई इस सरकार के लिए पेशेवर 'कलेक्शन एजेंट' बन गए हैं। तृणमूल सदस्य ने उल्लेख किया, ''ईडी ने 193 मामले में मुकदमा चलाया, जिनमें केवल दो में दोषसिद्धि हुई। ईडी के 97 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं जबकि भाजपा नेताओं के खिलाफ करीब 25 मामले वापस ले लिये गए।''

उन्होंने नये आयकर अधिनियम में 10 सरकारी एजेंसियों से आंकड़े साझा करने का हवाला देते हुए सवाल किया कि अगर देश के 97 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष कर के दायरे से बाहर हैं तो किन लोगों की निगरानी की जाएगी, केवल दो-तीन प्रतिशत लोगों की, जो कर अदा करते हैं। मोइत्रा ने आरोप लगाया कि अब सरकार ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट, निजी संदेशों की निगरानी करना चाहती है।

## महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली किसी संस्था की तरह हैं : नवजोत सिंह सिद्धू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली को मौजूदा दौर के 'आयकॉन (नायक या आदर्श) के रूप में जाना जाता है लेकिन भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू के लिए ये दोनों दिग्गज संस्था किसी से कम नहीं हैं। सिद्धू ने कहा कि समकालीन खिलाड़ियों के फीके पड़ने के बाद भी कोहली और धोनी की प्रासंगिकता कम नहीं होगी।

आईपीएल के लिए जियोस्टार विशेषज्ञ सिद्धू चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु प्रतिद्वंद्विता के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''लोग उन्हें (कोहली और धोनी) आयकॉन कहते हैं। मैं उन्हें संस्थाएं कहता हूं। विराट कोहली का नाम पीढ़ियों तक रहेगा। धोनी का नाम पीढ़ियों तक रहेगा। उन्हें लंबे समय तक दुनिया भर में अपने वर्चस्व को स्थापित करने और सभी प्रारूपों में खुद को ढालने के लिए जाना जायेगा। उनका रवैया किसी शेर जैसा है।'' उन्होंने कहा, '' इन खिलाड़ियों ने अपने करिश्मे और आकर्षण से पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। पूरी दुनिया में वे बेहतरीन 'रोल मॉडल' है। गली के बच्चे विराट कोहली बनना चाहते हैं। उनका प्रभाव इस तरह का है।''

सिद्धू ने धोनी को विशेष खिलाड़ी करार देते हुए कहा, '' वह भारत के सर्वश्रेष्ठ कप्तान रहे हैं। वह साथी खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरने में सफल रहे हैं। वह सामान्य खिलाड़ियों को विशेष बनाने में माहिर है।''

उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उनकी स्टंपिंग का जिक्र करते हुए कहा, '' धोनी 43 साल के है, आपने देखा होगा कि उन्होंने किस तरह से स्टंप किया। उन्होंने बिजली की गति से तेजी से गिल्लियां बिखेर दी थी। मेरा कहने का मतलब यह है कि युवा खिलाड़ी भी इतनी फुर्ती नहीं दिखा सकते हैं। वह इस तरह से लोगों को प्रेरित करते हैं।''

### सुविचार

**जब हम विनम्र होते हैं तो तब हम महानता के सबसे नजदीक होते हैं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अपुष्ट जानकारी, सेहत पर भारी

इन दिनों विभिन्न बीमारियों के 'इलाज' के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी की भरमार है। कई लोग दो-चार वीडियो देखकर खुद ही अपने 'डॉक्टर' बनने की कोशिश में मुसीबत मोल ले रहे हैं। अपुष्ट, अप्रमाणित एवं अवैज्ञानिक जानकारी सेहत पर भारी पड़ सकती है। कुछ विशेषज्ञ भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी देते हैं, लेकिन वे कभी नहीं कहते कि इसके आधार पर कोई मरीज ख़ुद ही अपना डॉक्टर बन जाए। जानकारी देने का मकसद जागरूकता का प्रचार-प्रसार करना होता है। यह डॉक्टर की जगह नहीं ले सकती। उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक युवक ने पेटदर्द होने पर यूट्यूब से जानकारी हासिल की और अपनी सर्जरी करने लगा। मामला बिगड़ना ही था, इसलिए उसे बीच में अस्पताल जाना पड़ा। अगर सर्जरी करना इतना ही आसान होता तो आज हर कोई सर्जन बन चुका होता! डॉक्टरों को इतने अध्ययन और शोध की क्या जरूरत थी? वीडियो देखकर अपनी या किसी की सर्जरी करने का सीधा-सा मतलब है- सेहत से खिलवाड़ करना। यह कोई पहला मामला नहीं है। कोरोना काल में सोशल मीडिया पर सही-ग़लत, हर तरह की सामग्री खूब शेयर की गई थी। किसी ने कहा कि फलां पेय पदार्थ का सेवन कर लेंगे तो कोरोना आसपास भी नहीं आएगा। किसी ने दावा किया कि फलां पक्षी के अपशिष्ट में इसका इलाज है। एक शख्स के मन में विचार प्रकट हुआ कि सैनिटाइज़र से हाथ साफ हो जाते हैं, अगर यह फलों और सब्जियों पर छिड़क दिया जाए तो कैसा रहेगा! उसके इस प्रयोग से पूरे परिवार की तबीयत खराब हो गई थी। एक व्यक्ति के खेत में भवन निर्माण संबंधी काम चल रहा था। इस दौरान उसकी आंख में कुछ गिर गया। उसने सोशल मीडिया पर कोई नुस्खा ढूंढ़ा और एक वनस्पति का फल घिसकर आंख में लगा लिया। उससे इतनी भयंकर पीड़ा हुई कि वह जोर से चीखा। उसने भविष्य में ऐसी सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करने से तौबा कर ली और तुरंत अस्पताल गया। वहां एक अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ के इलाज से उसे आराम मिला।

सोशल मीडिया पर 'सौंदर्य निखारें', 'वजन घटाएं' और 'वजन बढ़ाएं' जैसे वीडियो भी खूब देखे जाते हैं। हाल में भारत समेत दुनियाभर में ऐसे कई मामले सामने आए, जब किसी ने अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए चेहरे पर ऐसी चीज़ का लेप लगा लिया, जिससे त्वचा में संक्रमण फैल गया। तेजी से वजन घटाने और बढ़ाने, दोनों ही तरह की कोशिशें खतरनाक हो सकती हैं। एक युवती ने मोटापा दूर करने के लिए हद से ज्यादा व्यायाम किया और खानपान में भारी कटौती कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि उसे चक्कर आने लगे और अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। राजस्थान में एक ग्रामीण युवक को कहीं से 'पता चला' कि मुंबई में रहने वाला उसका पसंदीदा अभिनेता यूं ही इतना बलिष्ठ नहीं है, वह हर चीज़ में 14 अंकों का आंकड़ा लेकर चलता है। उदाहरण के लिए- रोजाना 14 गिलास पानी पीना, 14 फलों का रस पीना, 14 हजार कदम चलना! युवक को पक्का यकीन था कि इसी आंकड़े पर अमल करते हुए वह अभिनेता इतना तगड़ा हो गया कि अपनी हर फिल्म में गुंडों की पिटाई कर देता है। युवक ने उस अभिनेता जैसा बलिष्ठ दिखने के लिए इस आंकड़े को अपने जीवन में पूरी तरह उतारने की कोशिश की, लेकिन उसके पास उतने संसाधन नहीं थे। वह एक वक्त में 14 रोटियां खाने लगा! 14 मिर्च, 14 प्याज खाते-खाते उसकी हालत खराब हो गई। उसके सिर से बड़ी मुश्किल से वह जुनून उतरा। सोशल मीडिया का इस्तेमाल एक-दूसरे के साथ जुड़ने और उपयोगी जानकारी साझा करने के लिए किया जाए तो यह मंच उल्लेखनीय भूमिका निभा सकता है। इसे चिकित्सा का विकल्प बिल्कुल नहीं बनाना चाहिए। सुनी-सुनाई और अपुष्ट बातों पर भरोसा करने से बड़ा नुकसान हो सकता है। इसे हमेशा ध्यान में रखना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



मेरे साथियों, शेरदिल हिंदुस्तानियों, जरूरत पड़ने पर हमारी तीसरी आँख खुलनी चाहिए। भारत का इतिहास राणा सांगा योद्धाओं के शौर्य से लिखा गया है! जो वीर अपने रक्त की अंतिम बूंद तक भारतभूमि की रक्षा के लिए लड़ता है, उसे गद्दार नहीं, राष्ट्रनायक कहा जाता है।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**



ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर ताला लगाने की तैयारी कर रखी है। भाजपा के कुशासन में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह बदहाल हैं। अस्पतालों में न डॉक्टर है, न दवाई है और न ही मेडिकल स्टाफ है।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**



जोधपुर से नागौर और बीकानेर की यात्रा होगी सुगम और सुरक्षित! माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने जानकारी दी है कि नागौर से जोधपुर खंड तक 87.63 किमी की दूरी को पेव्ड शोल्डर के साथ 4 लेन की सड़क के रूप में अपग्रेड किया।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

### प्रेरक प्रसंग

## अक्लमंदी का साहस

रूस का जार पीटर महान अपने पुत्र की मृत्यु पर इतना शोक विह्वल हो गया कि उसने अपने आप को एक कमरे में बंद कर लिया। उसने भूखा-प्यास रहकर जान दे देने का फैसला कर लिया। उसने यह भी हुक्म जारी कर दिया कि कोई मुझसे न बोले, वरना उसे मौत की सजा दे दी जायेगी। दरबारी मिलकर सोचने लगे कि बादशाह को इस तरह जान देने से कैसे बचाया जाये। मगर कोई भी उसे समझाने जाने का साहस जुटा नहीं पा रहा था। अंततः दोल्गारकी नामक एक दरबारी उठा। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए जाकर उसने जार के कमरे का दरवाजा खटखटाया। अंदर से जार की गुस्सा-भरी आवाज आयी, 'अपनी जान की खैर चाहते हो, तो चले जाओ यहां से।' दोल्गारकी ने शांति से कहा, 'दरवाजा खोलिये जहांपनाह। मैं दरबारियों की ओर से यह पूछने आया हूं कि अब जबकि आपने राजगद्दी छोड़ ही दी है, अपना उत्तराधिकारी किसे बनाना चाहते हैं?' पीटर महान दरबारी की निर्भीकता और अक्लमंदी पर रीझ उठा। पीटर दरवाजा खोलकर उसे गले से लगाते हुए बोला, 'तुम्हारे साहस ने हमें नया बल दिया है और हमारा गम हल्का करने में मदद की है।'

### सामयिक

# अस्पतालों में बिना ज़रूरत के बढ़ते सीज़ेरियन

**प्रियंका सौरभ**
मोबाइल : 7015375570

क्या आपको मालूम है कि सिजेरियन डिलीवरी, या सी-सेक्शन, दुनिया में सबसे अधिक की जाने वाली सर्जरी है? सीज़ेरियन सेक्शन बनाम नार्मल डिलीवरी का विषय काफ़ी चर्चा में रहता है, खासकर तब जब इसका ज़रूरत से ज़्यादा उपयोग होने लगे। कुछ लोग इसे एक बिज़नेस मॉडल मानते हैं, तो कुछ इसे मेडिकल साइंस की उपलब्धि के रूप में देखते हैं। सीज़ेरियन सेक्शन एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जो तब की जाती है जब सामान्य (नार्मल) डिलीवरी संभव न हो या माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए जोखिम हो। लेकिन आजकल कई जगहों पर यह मेडिकल ज़रूरत से ज़्यादा किया जा रहा है, खासकर निजी अस्पतालों में, जहाँ इसे जल्दी और सुविधाजनक समाधान के रूप में देखा जाता है। सीज़ेरियन अपने आप में ग़लत नहीं है, लेकिन जब यह व्यावसायिक फायदे के लिए या बिना ठोस मेडिकल वज़ह के किया जाता है, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सही जागरूकता और जिम्मेदारी से इसका उपयोग होना चाहिए। पिछले कुछ सालों में भारत सहित कई देशों में सीज़ेरियन की दर तेजी से बढ़ी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, केवल 10-15 प्रतिशत मामलों में सीज़ेरियन आवश्यक होता है, लेकिन कई देशों में यह दर 50प्रतिशत या उससे अधिक हो चुकी है। भारत में कई निजी अस्पतालों में यह दर 50-80 प्रतिशत तक देखी गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निजी अस्पतालों में सीज़ेरियन डिलीवरी की दर 40-50 प्रतिशत तक पाई गई, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह लगभग 20-25 प्रतिशत थी। स्वास्थ्य बीमा योजना और जननी-शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसी योजनाओं में बिना आवश्यकता के मरीजों की सर्जरी कर दी जाती है, क्योंकि ऐसी योजनाओं में या तो प्रोत्साहन राशि मिलती है, या फिर बीमा कंपनी को लाभ होता है। इनमें सिजेरियन, हार्निया, गॉलब्लेडर, अपेंडिक्स आदि से सम्बंधित मामले अधिक हैं। यह दुखद है, क्योंकि ऐसे मामलों में सबसे ज़्यादा शोषण गर्भवती महिलाओं का होता है। सीज़ेरियन डिलीवरी का ख़र्च सामान्य डिलीवरी से 2-5 गुना अधिक होता है, जिससे अस्पतालों को अधिक मुनाफा होता है। नार्मल डिलीवरी में घंटों का समय लग सकता है, जबकि सीज़ेरियन एक तय समय में पूरा किया जा सकता है, जिससे अस्पतालों और डॉक्टरों को कम समय में अधिक डिलीवरी करने का मौका मिलता है।कई मामलों में सीज़ेरियन ज़रूरी होता है, जैसे: बच्चे की पोज़िशन सही न हो, जैसे ब्रीच पोज़िशन। डिलीवरी के दौरान जटिलताएँ हो जाएँ, जैसे प्लेसेंटा प्रीविया, गर्भनाल का फँसना। माँ को गंभीर स्वास्थ्य समस्या हो, जैसे हाई बीपी, डायबिटीज, हृदय रोग। बच्चे को ऑक्सीजन की कमी हो और तुरंत डिलीवरी ज़रूरी हो। पहले भी सीज़ेरियन हो चुका हो और नार्मल डिलीवरी सुरक्षित न हो। लेकिन जब बिना किसी ठोस मेडिकल वज़ह के सिर्फ़ पैसे कमाने के लिए सीज़ेरियन किया जाए, तो यह नैतिक रूप से ग़लत है। कई प्राइवेट अस्पताल सीज़ेरियन को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि यह जल्दी हो जाता है और अधिक ख़र्च आता है। महिलाओं का डर और जागरूकता की कमी के चलते कई महिलाएँ दर्द से बचने के लिए सीज़ेरियन चुन लेती हैं, जबकि नार्मल डिलीवरी अधिक लाभदायक होती है। महिलाओं को इस बारे जागरूक किया जाए, ताकि वे नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता दें। डॉक्टर्स को ज़िम्मेदारी से काम करना चाहिए, सिर्फ़ ज़रूरत पड़ने पर ही सीज़ेरियन करना चाहिए। प्राकृतिक तरीकों को बढ़ावा दिया जाए, जैसे गर्भावस्था के दौरान योग और सही डाइट ताकि नार्मल डिलीवरी आसान हो सके।

इन सबके साथ-साथ सरकार को सख्ती से नियम लागू करने चाहिए, ताकि अनावश्यक सीज़ेरियन कम हों। नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता दें, जब तक कि मेडिकल कारण से सीज़ेरियन ज़रूरी न हो। गर्भावस्था के दौरान योग, सही खान-पान और व्यायाम करें, ताकि नार्मल डिलीवरी की संभावना बढ़े। अस्पतालों को अपने सीज़ेरियन और नार्मल डिलीवरी की दरें सार्वजनिक करनी चाहिए। महिलाओं को सीज़ेरियन की सिफ़ारिश मिलने पर दूसरे डॉक्टर से सलाह लेने की आदत डालनी चाहिए। सरकार को निजी अस्पतालों में अनावश्यक सीज़ेरियन रोकने के लिए सख्त नियम बनाने चाहिए। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान सही जानकारी दी जानी चाहिए ताकि वे डॉक्टर के निर्णय को समझ सकें और सवाल पूछने में हिचकिचाएँ नहीं। अस्पतालों को नार्मल डिलीवरी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाए। सिजेरियन डिलीवरी के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए तेलंगाना के एक जिले ने तीन मिनट की एक लघु फ़िल्म बनाई है, 'सीजेरियन ला कू कथेरेधम' (आइए सिजेरियन डिलीवरी को कम करें)। दर्द से बचने के लिए बहुत-सी महिलाएँ नॉर्मल डिलीवरी की जगह सीजेरियन का विकल्प चुनतीं हैं, जो ग़लत है। सीज़ेरियन तभी सही है जब यह माँ और बच्चे की सुरक्षा के लिए ज़रूरी हो। अनावश्यक सर्जरी से बचना चाहिए क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक रूप से माँ के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

### नजरिया

# परीक्षा परिणाम से पूर्व डैमेज कंट्रोल

**दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'**
मोबाइल : 7379100261

आप से एक सवाल...क्या इस वर्ष आप के बेटा-बेटी अथवा पाल्य को हाई स्कूल या इन्टरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होना था ? यदि इसका उत्तर हाँ' है तो संभव है, आप ने तीन-चार माह पूर्व से उसे अच्छी तैयारी के लिए प्रेरित करना शुरू किया होगा। यह बताना भी स्वाभाविक है कि यह बोर्ड का एग्जाम है, यहीं से बेस बनता है। इसलिए खेलकूद, दोस्तों के साथ गपशप, टीवी. वगैरह से ध्यान हटाकर सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई पर पिल पड़ना है। क्योंकि यह कैरियर का युग है। इसमें वही टिक सकता है, जिसकी अच्छी मेरिट होगी।

मोटे तौर पर इन हिदायतों में कोई दोष नहीं है। अभिभावकों का यह सोचना कि उनके पाल्य परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें, एक स्वाभाविक उमंग है। माता-पिता, दादा-दादी जानते हैं कि जीवन परीक्षाओं की ही एक शृंखला है। दसवीं और बारहवीं के इम्तिहान जीवन में आने वाली परीक्षाओं का सामना करने का हौसला देते हैं। किन्तु अभिभावकों की आपेक्षाओं का जबरदस्त दबाव, नकारात्मक टिप्पणियाँ, ढेरों उपदेश से बच्चों के सामने परीक्षा एक डरावनी शक्ल अख्तियार कर लेती है। यह बालमन में तनाव और घबराहट का कारण बन जाती है। एक छिपा हुआ तथ्य यह भी है, अभिभावक परीक्षा के परिणाम के साथ अपनी प्रतिष्ठा भी जोड़े रहते हैं। उनको लगता है कि उनके पाल्य का अच्छा परीक्षाफल उनकी गार्जियनशिप' की गुणवत्ता का प्रमाण होगा। इसलिए वह बच्चे पर अपनी तरफ से दबाव बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं।

आज के बच्चे सूचना विस्फोट के युग में जी रहे हैं। टीवी, मोबाइल, इंटरनेट जैसे माध्यमों से उनको ढेरों जानकारियाँ प्राप्त हो रही हैं। वह पहले के बच्चों के मुकाबले में अधिक समझदार और संवेदनशील भी हैं। वह समय की जटिलता, सिस्टम की निर्ममता, सामाजिक ढांचा, अवसरों की कमी, बृहद पाठ्यक्रम, आर्थिक नीतियाँ, एकल परिवार, नीरस शिक्षण जैसी विचलित करने वाली जड़ व्यवस्थाओं के बीच स्वयं को घिरा पता है। इस स्थिति के बीच जब वह अभिभावकों के माध्यम से परीक्षा परिणाम के साथ अपने जीवन की निष्पत्ति को सम्बद्ध देखता है, तब परीक्षा के परिणाम ही उसकी जिन्दगी का आखिरी लक्ष्य हो जाता है। यही उसकी हार या जीत का पैमाना बन जाते हैं, उसके माथे पर सफलता अथवा विफलता का टीका लगाने का दायित्व रिजल्ट पर टिक जाता हैं। यही वह विंदु है, जब परीक्षा परिणाम आपेक्ष के अनुरूप नहीं आने पर बच्चे आत्मघाती कदम उठा लेते हैं।

अगर कोई बच्चा परीक्षा में कम परसेंटेज आने या असफल होने पर आत्महत्या कर लेता है, तो माता-पिता के लिए यह जीवन भर का पश्चाताप बन जाता है। बोर्ड के परीक्षाफल का समय निकट आने के साथ बच्चों में उत्सुकता, उमंग और खुशी की चमक होनी चाहिए, जबकि ताजा रुझानों के अनुसार बच्चे आत्मकेंद्रित होने लगते हैं। परीक्षाफल देखने-जानने की जो लालसा और आनन्द होना चाहिए, वह एक सनसनी भरे डर में बदलने लगती है। यह अवसाद तक पहुँचकर अनहोनी का कारण न बनने पाए, इसके लिए घर-परिवार का माहौल सौहार्दपूर्ण बनाएं। संवाद मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध की नींव होते हैं। बच्चे से वार्तालाप बढ़ा दें। बीच-बीच में उसे यह जरूर बताएं कि सफलता और असफलता दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों का जीवन में महत्व है। इससे सीख और अनुभव प्राप्त होता है, एक सफल मनुष्य इसका जीवन की समस्याओं से जूझने की रणनीति बनाने में उपयोग करता है।

आप बच्चे से सघन संवाद बनाए रखेंगे तो धीरे-धीरे वह अपनी बातें निःसंकोच आप से साझा कराने लगेगा। इससे आपको उसके मन की थाह मिलेगी। उसे आश्वस्त करें कि परीक्षा की तैयारी के लिए जो दबाव तुम्हारे ऊपर बनाया गया था, उसके हिसाब से तुमने अच्छी तैयारी की। अब जो भी परिणाम आए उसका खुले मन से स्वागत करो। परीक्षा में कम नम्बर पाना या फेल हो जाना, कोई बड़ी बात नहीं है। यह शिक्षाकाल की एक स्वभाविक प्रक्रिया है। कोई भी परीक्षा जीवन की आखिरी परीक्षा नहीं होती और न जीवन से बड़ी होती है। इसलिए पिछली बातें भूल कर आगे की सोचो। नई संभावनाएं सदैव तुम्हारे स्वागत के लिए तैयार रहती हैं। बच्चे को अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। अपने हम उम्र बच्चों के साथ वह अपने मन की बातें अधिक सहजता से शेयर करते हैं। यह शेयरिंग उसके मानसिक बिखराव को काफी हद तक काम कर देगी। आपसी गपशप उनको घुटन और तनाव से बाहर निकाल कर सामान्य मनःस्थिति में ले जाती है। उसकी पसन्द की डिश तैयार कराएं और डायनिंग टेबल पर यह मैसेज दें कि मनचाहे कालेज में एडमिशन के लिए रिजल्ट कार्ड पर ढेरों अंकों का होना ही नहीं जरूरी है, अब सीयूईटी की परीक्षाएं आयोजित होने लगीं हैं, यह बच्चों को वार्षिक परीक्षा के रिपोर्ट कार्ड से इतर अच्छे कालेज में प्रवेश के लिए एक और प्रयास का अवसर देती हैं।

प्रति वर्ष परीक्षा में फेल होने, प्रश्नपत्र ठीक से हल न कर पाने या परसेंटेज कम आने की वजह से जो बच्चे आत्मघाती कदम उठा लेते हैं, वह मूलतः माँ-बाप के वजनी सपनों से दबे नितांत अकेले होते हैं। उनके साथ कोई संबल देने वाला नहीं होता। अपनों के बीच रहते हुए भी जब कोई बच्चा अकेला हो जाता है, तब वह बड़ी जल्दी बिखराव का शिकार हो जाता है और जीवन की लालसा से मुक्त होकर गलत कदम उठा लेता है। आप का थोड़ा सा प्रयास, कुछेक छोटी युक्तियाँ आपके लाडले को तनाव, दुष्चिन्ता और अवसाद से मुक्त कर देंगी और किसी अनहोनी का खतरा दूर-दूर तक नहीं रहेगा।

### नजरिया

# नागपुर हिंसा के पीछे की सोच को समझना होगा

**अवधेश कुमार**
मोबाइल -9811027208

नागपुर के दृश्य निस्संदेह फिर देश को भयभीत कर रहे हैं। 33 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का घायल होना, भारी संख्या में वाहनों की तोड़फोड़ या जलाना, जगह-जगह घरों और दुकानों का क्षतिग्रस्त होना बताता है कि हमले सुनियोजित थे। विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान भी दिया कि यह सुनियोजित हमला लगता है। नागपुर पुलिस की प्राथमिकी, अभी तक की छानबीन तथा हिंसा के पैटर्न बताते हैं कि यह त्वरित उत्तेजना और गुस्से की परिणति नहीं थी। तत्काल किसी मुद्दे ,विषय या बयान से उत्तेजना हो तो छिटपुट समूह निकलकर हल्की-फुल्की हिंसा कर सकता है। वीडियो फुटेज में हमलावर चेहरे ढंके हुए हैं,नकाबपोश हैं , कई के पत्थरबाजी, तोड़फोड़ करते समय चेहरे से नकाब उतार रहे हैं , फिर वे लगा रहे हैं। पेट्रोल बम तक चले। इतने व्यापक क्षेत्र में बगैर पूर्व योजना और षड्यंत्र के वैसी हिंसा संभव नहीं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 13 प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है तथा 100 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी भी।

घटनाक्रम देखिए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया और छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रतीकात्मक पुतला जलाया। माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फ़हीम अहमद लगभग 50-60 लोगों को लेकर गणेशपेठ पुलिस थाना पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई कि हरे कपड़े पर पवित्र कुरान की आयत लिखकर जलाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई कि पवित्र कुरान की आयतें जलाई गई है , लोगों के घर से निकलने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि हिंसा में दो लोगों की मृत्यु हो गई है। एक सोशल मीडिया अकाउंट बांग्लादेश से मिला है जिसमें लिखा गया कि यह छोटा दंगा था, इससे बड़ा दंगा आगे होगा। फहीम खान थाने से आकर 400-500 लोगों, जिनके हाथों में हथियार थे को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक यानी धरना स्थल पर पहुंच गया। पुलिस द्वारा भीड़ से वापस जाने के आग्रह को अनसुना करते हुए भड़काऊ और उकसाऊ नारे लगे। आप सोचिए, अगर कुछ निहत्थे लोग मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे हों, पुतले जल रहे हों और वहां कुल्हाड़ियों ,पत्थरों, लाठी, रोड और अन्य ऐसी सामग्रियां लेकर 400-500 लोग लहराने लगें तथा दृश्य ऐसे हों मानो टूट पड़ने वाले हैं तो लोगों की कैसी मनोदशा होगी। इसी दौरान भालदारपुरा में पुलिस पर पत्थरों से हमले की भी घटना हुई। सबसे शर्मनाक अंधेरे का लाभ उठाकर महिला पुलिस के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार था। गीतांजलि चौक पर भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पेट्रोल बम से हमला किया और पुलिस के दो वाहनों में आग लगा दी। गंजीपुरा में फ्लाईओवर निर्माण के लिए खड़ी दो क्रेन को पेट्रोल बम से आग लगा दी गई। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर पत्थरों और घातक हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया गया। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग आक्रामक तेवर और तैयारी में महल, कोतवाली, गणेशपेठ और चिटनिस पार्क समेत शहर के विभिन्न इलाकों में हिंसा करने लगे।

नागपुर के सीए रोड, भालदारपुरा, गंजी पेठ, हंसापुरी, गांधी बाग, चिटनवीस पार्क, आदि क्षेत्र में ज्यादातर दुकानें पुराने मोटरसाइकिल एवं ऑटो स्पेयर पार्ट्स की हैं। सभी दुकानें मुस्लिम समुदाय की है। सोमवार को दुकानें सुबह से ही बंद रखी गई थी। क्यों? मोबिनपुरा में 150 गाड़ियां इन्हीं लोगों की खड़ी रहती थी, वहां एक भी गाड़ी नहीं थी। क्यों? शाम की हिंसा में केवल हिंदू घर एवं दुकान ही निशाना बने। नागपुर के डीसीपी निकेतन कदम पत्थरबाजी की घटना में घायल हुए। उनका वक्तव्य देखिए, जिस तरह से हर तरफ से पत्थरबाजी हुई, उसमें कई अधिकारी घायल हो गए। एक घर में कुछ लोग छिपकर पत्थरबाजी कर रहे थे। टीम वहां गई तो दूसरी ओर से 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ आई। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो एक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

ऐसी घटना को हम सामान्य राजनीतिक और दलीय चश्मे से देखेंगे तो भविष्य में होने वाले भयावह परिणामों के भागीदार बनेंगे। सच को सच के रूप में समझ कर स्पष्ट न बोला जाए तो परिणाम सतत भयावह से भयावहतम की ओर बढ़ेंगे। सामान्य सामाजिक व्यवहार की दृष्टि से देखें तो इस हिंसा का कोई कारण नहीं था। कोई समूह किसी विषय पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहा है तो उसे मजहब विरोधी कार्रवाई मानकर हमले की व्याख्या कैसे की जाएगी? साफ है कि ऐसा कुछ जलाया ही नहीं गया जिसका प्रचार किया गया। असदुद्दीन ओवैसी ने बयान दिया कि हरे कपड़े पर पवित्र पाक कुरान शरीफ की आयतें लिखकर जलाई गई है। इस तरह के अफवाह फैलाने वाले कौन हो सकते हैं? भारी संख्या में सोशल मीडिया अकाउंट बंद किए गए हैं और उनके आधार पर लोगों की गिरफ्तारियां हुई है। मानकर चलना चाहिए कि प्रदेश सरकार या अगर जांच केंद्रीय एजेंसी को दी जाती है तो केंद्र दोषियों को अंतिम सीमा तक दंड दिलाएगा। केवल दंड दिलाने से ऐसी समस्याओं का निदान नहीं हो सकता। विचार करने वाली बात है कि पूरे देश में जगह-जगह इस तरह की हिंसा के पैटर्न क्यों पैदा हो रहे हैं? इतने ईंट , पत्थर , पेट्रोल बम आदि तत्काल पैदा नहीं हो सकते। इसकी पूरी तैयारी करनी होती है। हाल में महू, संभल से लेकर नागपुर तक मोटा- मोटी एक ही तरह का पैटर्न देखा जिसमें हमलावर पूरी तरह तैयार थे तथा सबके पास हमले की पर्याप्त सामग्रियां थीं। कोई औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग कर रहा है तो उससे इतनी संख्या में किसी समुदाय के लोगों के अंदर गुस्सा क्यों पैदा हो गई? औरंगजेब जैसे आततायी, धर्मांध, बुरे शासक के लिए उसकी मृत्यु के 300 से ज्यादा वर्षों बाद इतने लोगों के अंदर उसे अपना या इस्लाम का आदर्श मानने की इतनी संवेगी भावना कि मरने - मारने को उतारू हो जाएं कैसे पैदा हो गई? पहले भी सोशल मीडिया पर औरंगजेब का महिमामंडन कर हिंसा फैलाने की कोशिश की गई है। केवल औरंगजेब नहीं, महमूद गजनवी और उसके भांजे सालार मसूद तक के प्रति इतना समर्थन कैसे कि उन पर प्रश्न उठाने के विरुद्ध खुलेआम बयानबाजी और हिंसा तक की घटनाएं हो रही हैं? क्या कल कोई नादिर शाह और अहमदशाह अब्दली को भी इस्लाम का ध्वजवाहक मानकर लड़ना शुरू कर देगा? कल्पना करिए कि कोई जनरल डायर, लॉर्ड क्लाइव आदि के पक्ष में खड़ा हो तो देश उसे किस दृष्टि से दिखेगा? यही दृष्टि औरंगजेब, महमूद गजनवी, सालार मसूद गाजी जैसों के प्रति क्यों नहीं पैदा होती?

यह विचारधारा है जिसमें इस्लाम के नाम पर काफिरों या विरोधियों के विरुद्ध अत्याचार, पवित्रतम स्थलों को ध्वस्त कर इस्लामी ढांचा खड़ा करना सही माना जाता है। इस्लाम को उच्च तथा काफिरों या विरोधियों के साथ बुरे व्यवहार की विचारधारा को व्यापक स्वीकृति मिलती दिख रही है। यही आचरण दुनिया में आतंकवाद और अन्य प्रकार की हिंसा का है। भारत विभाजन के पीछे भी यही था। इसलिए दलीय बयानबाजी द्वारा ऐसे तत्वों को परोक्ष समर्थन देना इनको हिंसा के लिए प्रोत्साहित करना है जो भविष्य में आत्मघाती साबित होगा। शिवसेना नेता संजय राऊत का बयान देखिए, नागपुर में हिंसा होने का कोई कारण नहीं है। यहीं पर आरएसएस का मुख्यालय है। यह देवेंद्र जी का निर्वाचन क्षेत्र भी है। यहां हिंसा फैलाने की हिम्मत कौन कर सकता है? हिंदुओं को डराने, अपने ही लोगों से उन पर हमला करवाने और फिर उन्हें भड़काकर दंगों में शामिल करने का यह एक नया पैटर्न है। हिंसा कौन कर रहे थे साफ दिख रहा है और संजय राऊत को भाजपा और संघ दोषी नजर आ रहा है। इसी समय बेंगलुरु में संघ की प्रतिनिधि सभा से अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर का बयान है कि औरंगजेब अप्रासंगिक है और हिंसा अनुचित। सामना के संपादकीय में औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग करने वालों को हिंदू तालिबान कहा गया। लिखा गया कि औरंगजेब की कब्र मराठों और शिवाजी के शौर्य का प्रतीक है और उसे खत्म करने की मांग करने वाले इतिहास को समझने की कोशिश नहीं कर रहे। जब अबू आजमी ने औरंगजेब को महान शासक बताया तो अखिलेश यादव ने एक्स पर सच्चाई छुप नहीं सकती जैसे पोस्ट कर दिया। संसद के अंदर और बाहर सारा विपक्ष हमलावरों की आलोचना की जगह केवल प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने पर लगा रहा। भाजपा की आलोचना और विरोध करिए किंतु इतने बड़े खतरे की अनदेखी कर आप कैसे तत्वों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, इसका परिणाम क्या होगा इन पर अवश्य विचार कर लीजिए।

महत्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवाद रोधी अभियान तेज

जम्मू/भाषा। जम्मू क्षेत्र में कठुआ जिले के घने जंगलों में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के एक समूह के खिलाफ तलाश अभियान सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में अभियान को कमांडो, ड्रोन और श्वान दस्तों की अतिरिक्त तैनाती के साथ सोमवार सुबह तेज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबल उस पौधशाला में तलाश अभियान चला रहे हैं जिसके बारे में माना जाता है कि आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ करने के बाद वहां छिपे थे।

यह अभियान पाकिस्तान के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर सान्याल गांव में पौधशाला के भीतर स्थित 'ढोक' (बाड़े के लिए स्थानीय शब्द) में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिलने के बाद शुरू किया गया।

विशेष अभियान समूह के एक पुलिस दल ने सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान शुरू किया और जब पुलिसकर्मी क्षेत्र में दाखिल हुए तो आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई जो आधे घंटे से अधिक समय तक जारी रही।

आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान में सहायता के लिए तुरंत अतिरिक्त बल भेजा गया। माना जा रहा है कि आतंकवादियों ने शनिवार को या तो किसी नाले के रास्ते या फिर नई बनाई सुरंग के जरिए घुसपैठ की थी।

अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है और सोमवार को सुबह होते ही सुरक्षाबलों ने अलग-अलग दिशाओं से आगे बढ़ने से पहले इलाके को पूरी रात कड़े सुरक्षा घेरे में रखा। कहा जा रहा है कि शनिवार को पांच-छह आतंकवादियों के दो समूहों ने घुसपैठ की थी। अधिकारियों के अनुसार, पौधशाला में लकड़ियां इकट्ठा करने गईं कुछ महिलाओं ने आतंकवादियों को देखा और बताया कि उनकी (आतंकवादियों की) संख्या पांच है।सात वर्षीय बच्ची की बांह में एक गोली लगने के कारण वह मामूली रूप से घायल हो गई और उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गांव की निवासी अनीता देवी (48) ने बताया कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने उनके पति को उस समय पकड़ लिया जब वे लकड़ियां एकत्र करने के लिए पौधशाला गए थे।

देवी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''आतंकवादियों ने मेरे पति को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया और मुझे भी पास आने को कहा लेकिन मेरे पति ने मुझे भागने का इशारा किया और मैं भागने लगी।

## इंटर्नशिप कार्यक्रम



उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ सोमवार को नई दिल्ली में संसद भवन में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के छठे बैच के प्रतिभागियों के साथ एक समूह तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

# ज़ाकिर खान के शो 'देलूलू एक्सप्रेस' का ट्रेलर रिलीज़ किया

मुंबई/एजेन्सी

प्राइम वीडियो ने आज ज़ाकिर खान के अपकमिंग स्टैंड-अप स्पेशल देलूलू एक्सप्रेस का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है। ज़ाकिर खान अपने अनोखे अंदाज़ में देलूलू एक्सप्रेस के साथ हंसी का धमाका लेकर आ रहे हैं। ओएमएल के प्रोडक्शन में बना यह शो 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर भारत समेत 240 से ज्यादा देशों में एक्सक्लूसिव स्ट्रीम होगा।इस स्टैंड-अप स्पेशल में जाकिर अपने नौकरी तलाशने के दिनों की मज़ेदार कहानियां, एक यादगार ट्रेन जर्नी, ऑफिस में अपने रिपोर्टिंग मैनेजर से टकराव और प्यार से जुड़े दिलचस्प किस्से सुनाने वाले हैं। उनकी बिंदास और रिलेटेबल कहानियों के साथ यह शो हंसी का जबरदस्त डोज़ देने का वादा करता है। देलूलू एक्सप्रेस में ज़ाकिर की स्लैपस्टिक कॉमेडी और बेबाक अंदाज़ आपके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। ज़ाकिर खान के लिए देलूलू एक्सप्रेस सिर्फ एक स्टैंड-अप स्पेशल नहीं, बल्कि उनकी ज़िंदगी का खास हिस्सा है। उन्होंने कहा,ये सेट मेरी ज़िंदगी के कुछ सबसे मज़ेदार और यादगार लम्हों से जुड़ा है।

# प्रतीक गांधी और पत्रलेखा स्टारर 'फुले' का ट्रेलर आउट

मुंबई/एजेन्सी

समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित अपकमिंग फिल्म 'फुले' का ट्रेलर निर्माताओं ने सोमवार को जारी कर दिया। फिल्म में प्रतीक गांधी ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। ट्रेलर में महान सुधारकों के अथक संघर्ष की झलक दिखाई गई है, जिसमें उन्होंने समकालीन महाराष्ट्रीयन पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं, खासकर विधवाओं और दलितों की खराब हालत को बदलने का प्रयास किया था। फिल्म के बारे में प्रतीक गांधी ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे स्क्रीन पर ऐसी भूमिका निभाने का मौका मिला। मैं समाज से कई गलत चीजों को खत्म करने वाले महान लोगों के संघर्ष और लोगों के विरोध को महसूस कर सकता हूं। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर एक पुरानी सामाजिक व्यवस्था को खत्म किया, जो किसी भी तरह से ठीक नहीं थी और निचले पायदान पर मौजूद लोगों पर अत्याचार करने के लिए बनाई गई थी।

मनोरंजक ट्रेलर में फुले दंपत्ति महिलाओं की शिक्षा, विधवाओं के अधिकारों और हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान की वकालत करते और विरोध का सामना करते नजर आए। दमदार संवादों और गहरे सीन्स के माध्यम से ट्रेलर में फुले दंपत्ति के उन परंपराओं के खिलाफ विद्रोह को दिखाया गया है, जो निचली जातियों के लिए शिक्षा और सम्मान तक पहुंच को सीमित करना चाहती थीं। फिल्म का निर्देशन अनंत महादेवन ने किया है और यह सामाजिक न्याय, महिलाओं की मुक्ति और जाति उत्पीड़न



के खिलाफ लड़ाई की एक शानदार कहानी पेश करती है। पत्रलेखा ने कहा, ज्योतिराव फुले के साथ, सावित्रीबाई ने भारत में आधुनिक शिक्षा और सामाजिक समानता की नींव रखी। उन्होंने हमारे देश में बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव लाया, लेकिन उनकी कहानी को पर्याप्त रूप से नहीं बताया गया। मुझे खुशी है कि अनंत सर ने उनके जीवन पर एक फिल्म बनाने का फैसला किया और मुझे उनका किरदार निभाने का मौका मिला। निर्देशक अनंत महादेवन ने फिल्म की भावनात्मक गहराई पर जोर देते हुए कहा, ये कहानियां जो इतिहास में कहीं खो गई हैं, उन्हें युवा पीढ़ी को बताने की जरूरत है। कल्पना कीजिए कि दो लोगों ने दुनिया को बेहतर बनाने का फैसला किया, बावजूद इसके कि उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उनकी कहानी वास्तव में प्रेरणादायक है। डांसिंग शिवा फिल्म्स और किंग्समेन प्रोडक्शंस ने फिल्म का निर्माण किया है। 'फुले' 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# इजराइल ने दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया

दीर अल-बलाह/एपी। इजराइल की सेना ने दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर रविवार रात हमला किया, जिससे वहां भीषण आग लग गई, दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि यह हमला खान यूनिस शहर में नासेर अस्पताल पर किया गया। इजराइल द्वारा पिछले सप्ताह हवाई हमलों के साथ गाजा में युद्ध पुनः शुरू किए जाने के बाद इस अस्पताल में बड़ी संख्या में मृतकों और घायलों को लाया गया था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रविवार रात को हुए हमले में मारे गए लोगों में 16 वर्षीय एक लड़का भी शामिल है। उसका दो दिन पहले ऑपरेशन हुआ था। हमास ने एक बयान में कहा कि हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य इस्माइल बरहूम की भी मौत हो गई। बरहूम अस्पताल में भर्ती था।

इजराइल की सेना ने अस्पताल पर हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह हमला वहां सक्रिय हमास के एक आतंकवादी के खिलाफ किया गया।


# विवाह पति को अपनी पत्नी का स्वामित्व प्रदान नहीं करता : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

प्रयागराज (उप्र)/भाषा। पत्नी का एक अश्लील वीडियो बनाकर फेसबुक पर अपलोड करने के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि विवाह पति को अपनी पत्नी का स्वामित्व या उस पर नियंत्रण प्रदान नहीं करता और ना ही उसकी स्वायत्तता या निजता के अधिकार को कम करता है।

पति की, आरोप पत्र खारिज करने की मांग के साथ दायर याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने कहा, अंतरंग संबंधों का वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर पति ने वैवाहिक रिश्ते की पवित्रता का घोर उल्लंघन किया है। एक पति से अपनी पत्नी द्वारा किए गए विश्वास और आस्था विशेषकर उनके अंतरंग संबंध के संदर्भ में विश्वास का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है।

अदालत ने कहा, इस तरह के कंटेंट को साझा करना पति और पत्नी के बीच रिश्ते को परिभाषित करने वाली अंतर्निहित गोपनीयता का उल्लंघन है। यह विश्वासघात, वैवाहिक रिश्ते का आधार कमजोर करता है और इसे वैवाहिक संबंध का संरक्षण नहीं मिलता।

अदालत ने आगे कहा, एक पत्नी अपने पति का विस्तार नहीं है, बल्कि वह एक व्यक्ति है जिसके अपने अधिकार और इच्छाएं हैं।




# 'दोनाली' से पारुल गुलाटी का डकैत लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री पारुल गुलाटी की आने वाली सीरीज दोनाली से उनका ज़बरदस्त डकैत लुक रिलीज हो गया है। पारुल गुलाटी अपनी आने वाली सीरीज दोनाली में एक अनदेखे अवतार में नज़र आने वाली हैं। ई. निवास के निर्देशन में बनी इस सीरीज में वह चंबल के डाकुओं की खतरनाक दुनिया का हिस्सा बनती दिखेंगी। उनके किरदार की पहली झलक जारी कर दी गई है, जिसमें पारुल का देसी और गहन ट्रांसफॉर्मेशन दिख रहा है। यह सीरीज मध्य प्रदेश में शूट की गई है और इसमें दिव्येंदु शर्मा, चंकी पांडे और बरुण सोबती भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। बिना किसी चमक-धमक के, एक देहाती और खतरनाक अंदाज़ में पारुल का लुक ताकत और जज़्बे को दर्शाता है। पहली झलक में वह एक देसी कट्टा लिए दिख रही हैं, जिसे पकड़ने और इस्तेमाल करने के लिए खास ट्रेनिंग की ज़रूरत होती है। उनका लुक और बॉडी लैंग्वेज किरदार की असलियत को बखूबी दर्शाती है और चंबल की खतरनाक दुनिया को जीवंत कर देती है।

अपने इस चुनौतीपूर्ण किरदार पर बात करते हुए पारुल ने कहा, दोनाली में डाकू की भूमिका निभाना मेरे करियर के सबसे रोमांचक अनुभवों में से एक रहा। यह किरदार देसी, सख्त और बेखौफ है।अब तक किए गए किसी भी किरदार से बिलकुल अलग। इसका लुक ही बहुत कुछ बयां करता है।बिलकुल असली, सादा और दमदार। देसी कट्टा पकड़ना, उसे संभालने में महारत हासिल करना और एक ऐसे इंसान की मानसिकता को समझना, जो चंबल के बीहड़ों में ज़िंदा रहने के लिए लड़ता है, अपने आप में एक सीखने वाली यात्रा रही। यह सिर्फ लुक अपनाने की बात नहीं थी, बल्कि किरदार को पूरी तरह से जीने का अनुभव था। हथियारों की ट्रेनिंग से लेकर स्थानीय बोलचाल और बॉडी लैंग्वेज को अपनाने तक, पूरी प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण और रोमांचक रही। मैं बेसब्री से इंतेज़ार कर रही हूं कि दर्शक मुझे इस नए अवतार में देखें।



# फिल्म 'ठग लाइफ' से कमल हासन का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार मणिरत्नम निर्देशित और राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल निर्मित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म ठग लाइफ से कमल हासन और सिलंबरासन टीआर का एक नया आकर्षक पोस्टर जारी किया गया है।

नए जारी किए गए पोस्टर में कमल हासन और सिलंबरासन टीआर एक दमदार, इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने दिग्गज फिल्म निर्माता मणिरत्नम, सुपरस्टार कमल हासन और संगीत उस्ताद ए.आर. रहमान का एक विशेष वीडियो भी जारी किया था। कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज, आर. महेंद्रन और शिव अनंत निर्मित, फिल्म ठग लाइफ में शानदार कलाकारों की टोली मौजूद है। कमल हासन ने फिल्म में रंगाराया शक्तिवेल नायकर की भूमिका निभाई है, उनके साथ सिलंबरासन टीआर, तृषा कृष्णन, अशोक सेलवन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जोजू जॉर्ज और अभिरामि महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

स्टार पावर को जोड़ते हुए, इस फिल्म में नासर, चेतन, महेश मांजरेकर, तनिकेला भरानी, ङ्घङ्घभगवती पेरुमल, चिन्नी जयंत और वैयापुरी भी हैं।

## दर्शन



अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती अपने परिवार के साथ सोमवार को मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची।

# डेब्यू फिल्म 'रॉबिनहुड' ट्रेलर लॉन्च इवेंट के लिए हैदराबाद पहुंचे डेविड वार्नर

हैदराबाद/एजेन्सी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर खेल जगत के बाद अब निर्देशक वेंकी कुदुमुला की अपकमिंग एक्शन फिल्म 'रॉबिनहुड' के साथ डेब्यू के लिए तैयार हैं। वार्नर रविवार को आयोजित ट्रेलर लॉन्च इवेंट के लिए हैदराबाद पहुंचे। मैत्री मूवी मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर डेविड वार्नर की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, डेविड भाई आज रॉबिनहुड ट्रेलर लॉन्च और ग्रैंड प्री-रिलीज इवेंट के लिए हैदराबाद आ चुके हैं। फिल्म 28 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। निर्देशक वेंकी कुदुमुला की अपकमिंग तेलुगू एक्शन 'रॉबिनहुड' का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर कर आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर का भारतीय सिनेमा की दुनिया में स्वागत किया।

एक्स हैंडल पर प्रोडक्शन हाउस ने वार्नर का एक पोस्टर जारी करते हुए लिखा था, ग्राउंड पर चमकने और अपनी छाप छोड़ने के बाद, अब उनके लिए 'रॉबिनहुड' के साथ सिल्वर स्क्रीन पर चमकने का समय आ गया है। हम डेविड वार्नर को एक रोमांचक कैमियो के रूप में



पेश कर रहे हैं। रॉबिनहुड 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'रॉबिनहुड' के जरिए भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज डेविड वार्नर ने कहा, इस फिल्म की शूटिंग में बहुत मजा आया। भारतीय सिनेमा में काम करने को लेकर उत्साहित हूं। इससे पहले अभिनेता नितिन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म के निर्माता वाई रविशंकर ने डेविड के शामिल होने की जानकारी दी थी।

अभिनेता जी वी प्रकाश की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'किंग्स्टन' के प्रमोशन इवेंट के दौरान जब एक एंकर ने निर्माता वाई रविशंकर से उनकी फिल्म 'रॉबिनहुड' के बारे में अपडेट मांगा, तब उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर ने फैंस और फिल्म प्रेमियों की खुशी के लिए फिल्म में कैमियो किया है।

निर्माता ने बिना उनकी अनुमति के जानकारी का खुलासा करने के लिए निर्देशक वेंकी कुदुमुला से माफी भी मांगी थी। उन्होंने कहा, हमें 'रॉबिनहुड' के साथ डेविड वार्नर को भारतीय सिनेमा में लॉन्च करने की बहुत खुशी है। 'रॉबिनहुड' में अभिनेता नितिन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वह संगीत निर्देशक जी वी प्रकाश की अपकमिंग हॉरर फंतासी 'किंग्स्टन' के प्रमोशन इवेंट में अपनी टीम के साथ शामिल हुए। जैसा कि टाइटल से पता चलता है, 'रॉबिनहुड' में नितिन एक चोर की भूमिका में हैं, जो अमीर घरों से चोरी करके गरीबों में उस धन को बांट देता है।

# सुशांत सिंह राजपूत केस : सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट की गुत्थी का अंत?

मुंबई/एजेन्सी

14 जून 2020 को जब सुशांत सिंह राजपूत का शव उनके मुंबई स्थित फ्लैट में मिला, तभी से यह मामला केवल एक आपराधिक जांच नहीं रहा, बल्कि भारतीय न्याय प्रणाली, मीडिया ट्रायल और डिजिटल युग में जनभावनाओं के प्रभाव का एक उदाहरण बन गया। अब, पांच साल बाद, सीबीआई ने अपनी क्लोज़र रिपोर्ट दाखिल कर दी है, जिसमें किसी भी साज़िश की संभावना को नकारते हुए इसे आत्महत्या का मामला बताया गया है। लेकिन क्या यह रिपोर्ट इस मामले को पूरी तरह से समाप्त कर पाएगी, या यह बहस का नया अध्याय खोलेगी? सीबीआई ने दो क्लोज़र रिपोर्ट दाखिल की हैंपहली रिपोर्ट सुशांत के पिता केके सिंह की शिकायत पर आधारित थी, जिसमें रिया चक्रवर्ती पर सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था, जबकि दूसरी रिपोर्ट रिया चक्रवर्ती की शिकायत पर थी, जिसमें उन्होंने सुशांत की बहनों पर फर्जी दवाइयां देने का आरोप लगाया था। सीबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, गवाहों के बयान, फोरेंसिक रिपोर्ट और मेडिकल विशेषज्ञों की राय के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि आत्महत्या के लिए उकसाने या



हत्या से जुड़े कोई भी ठोस प्रमाण नहीं मिले। एम्स के डॉक्टरों ने भी गला घोंटने या ज़हर देने की संभावना को खारिज कर दिया था।

इस पूरे मामले में मीडिया की भूमिका भी विवादों में रही। न्यूज़ चैनलों ने इसे सनसनीखेज़ बनाकर टीआरपी की दौड़ में झोंक दिया, जबकि सोशल मीडिया पर रिया चक्रवर्ती को विलेन की तरह पेश किया गया। जाँच एजेंसियों पर राजनीतिक दबाव के आरोप भी लगे। रिया के वकील सतीश मानशिंदे ने क्लोज़र रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह न्याय की जीत है, लेकिन उन्होंने यह भी माना कि इस पूरे मामले में उनकी मुवक्किल को बिना किसी गलती के 27 दिन जेल में बिताने पड़े और मीडिया ट्रायल के कारण उनके परिवार को भारी मानसिक और सामाजिक पीड़ा झेलनी पड़ी।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सुशांत का परिवार इस फैसले को स्वीकार करेगा? यदि वे रिपोर्ट से असंतुष्ट हैं, तो वे इसे अदालत में चुनौती दे सकते हैं। कोर्ट यह तय करेगा कि रिपोर्ट स्वीकार की जाए या आगे की जांच हो। यह मामला कई अहम सबक छोड़ता हैमीडिया ट्रायल के दुष्प्रभाव, सोशल मीडिया अफवाहों का खतरनाक असर और जांच एजेंसियों की सीमाएं। पांच साल, पांच जांच एजेंसियां (मुंबई पुलिस, बिहार पुलिस, सीबीआई, एनसीबी, ईडी) और हजारों सुर्खियों के बाद भी, सवाल वही हैक्या यह सचमुच द एंड है, या न्याय की तलाश में यह मामला आगे भी खिंचता रहेगा?

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

दक्षिण भारत की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'शब्द' से जुड़े रचनाकारों ने बीते रविवार को धूमधाम से वसंतोत्सव मनाया। रचनाकारों ने अपनी मासिक रचनागोष्ठी में वसंत पर विविध भाव-व्यंजना की एक-से-एक उम्दा रचनाएँ सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी।

# मोबाइल का कम उपयोग और रिश्तों को रिचार्ज करते रहना चाहिए : संजय घोड़ावत

## जीतो मैसूरु ने आयोजित किया कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मैसूरु। शहर के मैसूरु जीतो चैप्टर के तत्वावधान में रविवार को बन्नूर मार्ग स्थित गैलेक्सी कन्वेंशन सेंटर में 'खुशियों के पल–संजय घोड़ावत के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उद्यमी व मोटिवेशनल वक्ता संजय घोड़ावत व जीतो पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जीतो पदाधिकारियों ने मुख्य अथिति संजय घोड़ावत तथा कार्यक्रम के लाभार्थी हरीश कोठारी का सम्मान किया।

इस मौके पर संजय घोड़ावत ने अपने सम्बोधन में जीवन के सफल होने के अनुभव साझा किए। उन्होंने अनेक छोटी छोटी कहानियों के माध्यम से लोगों को जीवन के प्रति जागरुक किया तथा जीवन के सकारात्मक पहलू से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीवन में मोबाइल का बहुत कम उपयोग करते हुए जीवन जीना चाहिए। अपने रिश्तों को रिचार्ज करते रहना चाहिए। इंसान को अपने सपनों को साकार करने के लिए ईमानदारी से जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत देश में व्यापारिक गतिविधियां को संचालित करने हेतु अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने मैसूरुवासियों को आश्वासन दिया कि मैसूरु हवाई अड्डे का रनवे का विस्तार होते ही मैसूरु शहर से देश के विभिन्न मुख्य शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू हो जाएँगी और मैसूरु मुख्य धारा से जुड़ जाएगा। उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर मैसूरु जीतो चैप्टर के निवर्तमान अध्यक्ष कांतिलाल चौहान, अध्यक्ष विनोद बाकलीवाल, उपाध्यक्ष भैरुलाल पितलिया, महासचिव गौतम सालेचा, कोषाध्यक्ष नेमीचंद श्रीमाल, सहकोषाध्यक्ष गौतम बाघमार, सचिव प्रेम पालरेचा, रमेश नवलखा, केकेजी जोन संयोजक चंद्रगुप्त कटारिया, कोषाध्यक्ष नेमीचंद श्रीमाल, श्रमण आरोग्यम मैसूरु के संयोजक राजन बाघमार, महावीर गादिया, मनोहर सांखला, दीपक बोहरा, जीतो के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक यूथ संयोजक पुनीत श्रीश्रीमाल, मैसूरु जीतो चैप्टर के यूथ अध्यक्ष सिद्धार्थ कटारिया, जीतो अल्पसंख्यक मैसूरु के संयोजक सुरेश जैन, महिला विंग की अध्यक्ष मोना भटेवरा, सचिव साधना श्रीश्रीमाल, उपाध्यक्ष सपना व सरिता, कोषाध्यक्ष मीनाक्षी जैन, कोषाध्यक्ष नेमीचंद श्रीमाल, मैसूरु चैप्टर अल्पसंख्यक संयोजक सुरेश जैन आदि उपस्थित थे।





# क्रोध से विवेक व वाणी पर संयम खो जाता है : साध्वीश्री संयमलता

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के राजाजीनगर तेरापंथ भवन में सोमवार को साध्वीश्री सयंमलताजी के सान्निध्य में 'क्रोध प्रबंधन' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। साध्वीश्री ने क्रोध से उत्पन्न हुई ऊर्जा के सही उपयोग का तरीक़ा बताते हुए श्रावकों से कहा कि क्रोध रूपी ज़हर को निगलने वाला भगवान बन जाता है। क्रोध में व्यक्ति की विवेकरूपी आँख बंद हो जाती है और वाणी पर लगाम नहीं रहती है। साध्वीश्री मार्दवश्रीजी ने अर्हम की ध्वनि के साथ ज्योति केंद्र प्रेक्षा का प्रयोग करवाते हुए कहा कि अनेक महापुरुष अपने क्रोध की ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर वे देश के लिए आदर्श बन गए। इस अवसर पर तेरापंथ सभा सहित तेयुप व महिला मंडल के सदस्य उपस्थित थे।



# 'शब्द' के वसंतोत्सव में रही सृजन की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। दक्षिण भारत की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'शब्द' से जुड़े रचनाकारों ने बीते रविवार को धूमधाम से वसंतोत्सव मनाया। रचनाकारों ने अपनी मासिक रचनागोष्ठी में वसंत पर विविध भाव–व्यंजना की एक–से–एक उम्दा रचनाएँ सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के अंत में कवि–लेखकों ने जमकर फूलों की होली खेली। वसंतोत्सव के मुख्य अतिथि थे कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ अजय कुमार सिंह। विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित थे कर्नाटक के ही एक अन्य पुलिस महानिदेशक डॉ डी वी गुरुप्रसाद।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री डॉ मंजु गुप्ता ने की तथा संचालन किया युवा गजलगो दीपक सोपोरी ने। इस अवसर पर डॉ गुरुप्रसाद द्वारा लिखित आत्मकथा 'कैयिगे बंद तुत्तु' का डॉ मैथिली पी राव कृत हिंदी अनुवाद 'सपना जो न हुआ अपना' का लोकार्पण भी हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'शब्द' की सर्जनात्मक गतिविधियां प्रेरक हैं।महानगर में रहते हुए भी आप जिस तरह से अपनी संस्कृति और अभिरुचि के प्रति समर्पित हैं, वह अनुकरणीय है। डॉ गुरुप्रसाद कर्नाटक के कर्मठ पुलिस अधिकारी रहे हैं। वे जहाँ और जिस पद पर रहे, नवाचारी कार्यों से दूसरों में प्रेरणा भरते रहे। प्रशासन में ऊँचे ओहदे की बहुत कठिनाइयाँ होती हैं। बावजूद इसके, गुरुप्रसाद ने संतुलन बनाए रखा और लगातार लेखनरत रहे। इस अवसर पर लेखक गुरुप्रसाद ने अलमस्त अंदाज में अपनी नाकामयाबियों की चर्चा करते हुए कामयाबी को महत्त्वपूर्ण माना। अनुवादक डॉ मैथिली राव ने इस पुस्तक के अनुवाद के दौरान के रोमांचक अनुभव सुनाए।

कार्यक्रम के आरंभ में 'शब्द' के अध्यक्ष डॉ श्रीनारायण समीर ने समागत सर्जकों का स्वागत करते हुए कविता की विशिष्टता की चर्चा की। उन्होंने कविता को संबोधित एक कविता भी सुनायी। कार्यक्रम का आगाज सुचित्रा कौल मिश्रा की सरस्वती वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि अनिल विभाकर, अनिल अत्रि, मथुरा कलौनी, दीपक सोपोरी, लोकेश मिश्रा और डॉ उषारानी राव की कविताएँ श्रोताओं द्वारा खूब सराही गयीं। बिन्दु रायसोनी, उषा श्रीवास्तव और नलिनी पोपट तथा श्रीकांत शर्मा के गीतों का जादुई असर श्रोताओं में देखा गया। गीता चौबे गूँज, डॉ सुधा दीक्षित, डॉ मंजु गुप्ता 'लता', पुष्पा पुष्प,अशोक कुमार सूर्य, प्रभु उपासे, डॉ रामरतन सिंह और उदय कुमार सिंह आदि की काव्य–प्रस्तुतियाँ भी प्रभावी रहीं। कार्यक्रम में 'शब्द' के बाबूलाल गुप्ता, जगमोहन मिश्र, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। 'शब्द' की सचिव डॉ उषारानी राव के आभार ज्ञापन से समापन हुआ। अंत में फूलों की होली खेली गई।





# धर्म के बिना धरा पर रहना असंभव है : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थित वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में सोमवार को उपस्थितजनों को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि जैन श्रावकाचार चरित्र प्रधान है। साधुओं और श्रावकों को धर्मशास्त्रों की आज्ञा के अतिरिक्त सोचने और जीने का अधिकार नहीं है। वर्तमान युग में धर्म की परंपराओं को बदलना समाज के लिए घातक है। ज्यों–ज्यों हम धर्म की व्यवस्थाओं में परिवर्तन करते जाएंगे, त्यों–त्यों लोगों का धर्म से विश्वास उठता जाएगा।

समाज व धर्म के तथाकथित नेता धीरे–धीरे पुरानी परंपराओं को बदलते जा रहे हैं। अज्ञानी लोग भी धर्मक्षेत्र में हस्तक्षेप करने लगे हैं।यह सब समाज के भविष्य के दृष्टिकोण से बहुत नुकसानकारक है।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि धर्म के बिना धरा पर रहना असंभव है। नास्तिक मनुष्य भी धार्मिक लोगों के कारण इस दुनिया में जीवनयापन कर रहे हैं। धर्म सत्य कहता है। वह दयालुता और मानवता की शिक्षा देता है। वह अन्याय को दूर कर न्याय का संदेश देता है। भारतीय संस्कृति का यह प्राणतत्व है। शास्त्रों ने कहा है कि जब धर्म नहीं होता तब समाज, सभ्यता, शिक्षा, संस्कार और सदाचार कुछ भी नहीं होता। आगे भी ज्यों–ज्यों धर्म का नाश होगा, त्यों–त्यों पृथ्वी का प्रलय होगा। मंगलवार को आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी, गणि पद्मविमलसागरजी एवं सहवर्ती मुनिगण तीन दिन के प्रवास पर वीवी पुरम स्थित सिमंधर शांतिसूरी जैन संघ में पहुंचेंगे।




# जोधपुर एसोसिएशन का होली स्नेह मिलन सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रविवार को सुशील धाम में जोधपुर एसोसिएशन का होली स्नेह मिलन सानन्द आयोजित हुआ। उपाध्यक्ष सज्जनराज मेहता ने बताया कि होली स्नेह मिलन की शुरुआत ज्योति भन्साली, वन्दना भण्डारी, प्रमिला मेहता, अंजू दुगड़ और संगीता मेहता के मंगलाचरण से हुई। अध्यक्ष कैलाश भन्साली ने सभी का स्वागत किया। मंत्री राजेश भण्डारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अंजू दुगड़ एवं संगीता मेहता के संयोजन में रंगों का जश्न' नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। एसोसिएशन के युवक, युवती, बालक व बालिकाओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सराहा गया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मिलन आयोजन की व्यवस्था में अंजू दुगड़, संगीता मेहता, प्रशांत सिंघी, सज्जनराज मेहता, सुनील पारख, महेन्द्र भण्डारी, पंकज मेहता, आशा भण्डारी, शुभम सदावत आदि का सहयोग रहा। मंत्री राजेश भण्डारी ने सुशील धाम के दिलीप सुराणा और अर्चना सुराणा के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष, संरक्षक धीरेन्द्र सिंघी, पदमराज मेहता, लक्ष्मीचंद भण्डारी, राजेंन्द्र लोढ़ा, कोषाध्यक्ष रौनक गुलेच्छा, सहमंत्री नरेन्द्र भण्डारी, कमल भण्डारी, पूर्व अध्यक्ष अशोक व्यास और राजेंद्र सिंघी ने स्नेह मिलन के प्रायोजक डॉ आनंद पुरोहित एवं सीपी व्यास का सम्मान किया। अंजू दुगड़ और संगीता मेहता ने संचालन किया।



# परिसीमन पर तमिलनाडु के नेतृत्व वाले अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ा है : स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने विधानसभा में सोमवार को कहा कि राज्य के नेतृत्व में परिसीमन पर चलाए गए जागरूकता अभियान ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव डाला है।

निष्पक्ष परिसीमन के लिए 22 मार्च को यहां संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक में सदन को संबोधित करते हुए स्टालिन ने कहा कि राज्य के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेगा। मुख्यमंत्री ने ''तमिलनाडु लड़ेगा, तमिलनाडु जीतेगा'' का नारा लगाते हुए कहा कि इसका उद्देश्य तमिलनाडु और इसी तरह की स्थिति वाले अन्य राज्यों के अधिकारों को पुनः प्राप्त कराना तथा निष्पक्ष परिसीमन सुनिश्चित करना है।

तमिलनाडु के सभी 39 सासंद द्रमुक और उसके सहयोगी दल के हैं, जिसमें कांग्रेस और वाम दल शामिल हैं। स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु द्वारा परिसीमन पर चलाए गए जागरूकता अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ा है। तमिलनाडु की जनता की ओर से मैं इस सदन के माध्यम से संयुक्त कार्रवाई समिति (22 मार्च को जे.ए.सी. की बैठक) में शामिल हुए मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक सहित राज्य के सभी दलों को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस पहल का समर्थन किया है।

## माता की चौकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के उत्तरप्रदेश अग्रवाल महिला मित्र मंडल की सदस्याओं ने रविवार को शहर के अग्रसेन भवन में माता की चौकी का आयोजन किया जिसमें गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी तथा समाज की कन्याओं ने माता के 9 रूप बनाकर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जिसे सभी ने खूब सराहा। इस मौके पर मंडल की सदस्याओं ने हवन व यज्ञ का भी आयोजन किया।




# 'मित्र ज्योति' के वार्षिकोत्सव में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। दृष्टिबाधितों के जीवन में बदलाव लाने के लिए काम करने वाली संस्था मित्र–ज्योति के 35वें वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने खूब सराहना की। इस समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में दूरदर्शन चंदना की सहायक निदेशक सुश्री मेघना के.टी. उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि व मित्र–ज्योति की संस्थापक और प्रबंध न्यासी सुश्री मधु सिंघल, डॉ. एसआर मित्तल, पद्मा वेलू एवं आशा श्रीधर द्वारा दीप प्रज्वलन तथा मंगलाचरण के साथ वार्षिकोत्सव की शुरुआत हुई। मधु सिंघल ने सभी का स्वागत किया तथा प्रायोजकों को धन्यवाद दिया। मेघना के.टी. ने अपने उद्बोधन में दिव्यांगजनों को जीवन में हमेशा चुनौतियों से घबराने की बजाय उनका डटकर सामना करने के लिए अपने आपको शिक्षित, प्रशिक्षित और तकनीकी ज्ञान अर्जित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसा करते हैं उन्हें जीवन में सफलता अवश्य मिलती है। कार्यकारी निदेशक आशा श्रीधर ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर मित्र ज्योति की ओर से अपने सेवाभावी एवं संकल्पनिष्ठ समर्पित स्वयंसेवकों, मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभावान प्रशिक्षिणार्थियों को सम्मानित किया गया तथा संचालित डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम के 58वें बैच के सफल विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व संस्था के कर्मचारी, स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## दादा गुरुदेव इकतीसा

बेंगलूरु के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में जिनदत्तकुशलसूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल द्वारा युगप्रधान दादा गुरुदेव का चमत्कारी इकतीसे का पाठ रमेशकुमार पुखराज गुलेच्छा परिवार के निवास पर किया गया। मंडल के अध्यक्ष अरविन्द कोठारी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। महामंत्री ललित डाकलिया ने बताया कि कार्यक्रम में दादावाड़ी ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रणजीत ललवानी, उपाध्यक्ष राकेश डाकलिया, सहमंत्री धर्मेन्द्र संकलेचा के साथ अनेक सदस्यों ने पाठ में भाग लिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## क्रिकेट स्पर्धा

बेंगलूरु के विजय कर्नाटक क्रिकेट क्लब द्वारा बसवेश्वरनगर स्थित अंबेडकर खेल मैदान में गोविंदराजनगर प्रीमियर लीग 2025' क्रिकेट स्पर्धा सीजन 3 जीपीएस कप' का आयोजन किया गया, जिसमें 20 से भी ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ी निरंतर प्रयास से अपनी खेल प्रतिभा में और निखार लाएं और किसी भी खेल को खेलभावना के साथ खेले। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com